www.kahaar.in

ISSN (p): 2394-3912
ISSN (e): 2395-9369
त्रैमासिक 11 (1) जनवरी – मार्च, 2024
प्रिंट कापी : रूपये 200/–
ऑनलाइन : रूपये 1000/–
Technical Articles are Peer Reviewed

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

KAHAAR

A multilingual magazine for common people

प्रकाशक
प्रोफेसर एच्.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसाइटी, लखनऊ
(www.phssfoundation.org)
सह-प्रकाशक
पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति, लखनऊ (www.prithvipur.org)
बचपन क्रिएशन्स, लखनऊ(www.bachpancreations.com)
सोसायटी फॉर इन्वायरमेन्ट एण्ड पब्लिक हेल्थ (सेफ), लखनऊ

ग्रामीण विकास की समावेशी पहल

प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउंडेशन के धारणीय कृषि एवं पर्यावरण केंद्र, लखनऊ के तहत बाराबंकी जिले के देवा विकास खंड के अकटहिया गाँव में किसान गोष्ठी व मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र के निदेशक प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह द्वारा जैविक खेती के लाभ, कृषि में रोजगार के अवसर जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिसमे प्रोफ़ेसर सिंह जी द्वारा जैविक खेती को अपनाने पर विशेष बल दिया गयाद्य श्री मेराजुद्दीन सिद्दीकी जी द्वारा गाँव की समस्याओं को दूर करने के उपाय, सामुदायिक सहभागिता और आपसी मेलजोल से ग्रामीण विकास के विषयों पर चर्चा की गई। किसानों व महिलाओं ने अपनी समस्याएँ बताईंद्यग्रामवासियों को मच्छरदानी व मौसमानुकूल संकर सब्जी के बीज वितरित किए गए। इसके साथ ही कृष्णानन्द सिंह व आकाश मौर्य ने मचान पोषण वाटिका से होने वाले लाभ, गुणवत्तापूर्ण सब्जी के उत्पादन की विधियों और तकनीकों पर चर्चा की।

संस्था का उद्देश्य ग्रामीण समाज के युवाओं और महिलाओं के विकास के लिए कार्य करना है जिससे समाज के विभिन्न स्तरों के व्यक्तियों का विकास हो सके।

कहार

जन विज्ञान की बहुभाषाई पत्रिका

त्रैमासिक 11 (1) जनवरी - मार्च, 2024

प्रधान संपादक
प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह, लखनऊ

सम्पादक
प्रो. गोविन्द जी पाण्डेय
डॉ. संजय द्विवेदी

कार्यकारी सम्पादक
श्री कृष्णानन्द सिंह, लखनऊ

सह–सम्पादक
डॉ. नागेन्द्र कुमार सिंह, वाराणसी
डॉ. सीमा मिश्रा, गोरखपुर
डॉ. पीयूष गोयल, नई दिल्ली
डॉ. रूद्र प्रताप सिंह, आजमगढ़
डॉ. धीरेन्द्र पाण्डेय, लखनऊ
श्री शुभम अभिषेक, धनवाद
श्री आकाश मौर्या, बाराबंकी

सम्पादक मण्डल
डॉ. राम सनेही द्विवेदी
डॉ. वेदप्रकाश पाण्डेय, बालापार, गोरखपुर
डॉ. रामचेत चौधरी, गोरखपुर
प्रोफेसर राकेश सिंह सेंगर, मेरठ
डॉ. सुमन कुमार सिन्हा, गोरखपुर
डॉ. विष्णु प्रताप सिंह, लखनऊ
डॉ. दिक्षा गौतम
प्रोफेसर रामचन्द्र, लखनऊ
डॉ. अनुज कुमार सक्सेना, सीतापुर
डॉ. अर्चना (सेंगर) सिंह, कनिटकट (यूएस.ए.)
डॉ. रमाकांत पाण्डेय, पटना

सलाहकार मण्डल
प्रोफेसर सरोज कान्त बारिक, लखनऊ
प्रोफेसर प्रफुल्ल वी. साने, जलगाँव
प्रोफेसर रामदेव शुक्ल, गोरखपुर
डॉ. एम.सी. नौटियाल, लखनऊ
प्रोफेसर शशि भूषण अग्रवाल, वाराणसी
डॉ. एस.सी. शर्मा, लखनऊ
प्रोफेसर सूर्यकान्त, लखनऊ
प्रो. अरूण पाण्डेय, भोपाल
डॉ. रूद्रदेव त्रिपाठी, लखनऊ
प्रोफेसर रणवीर दहिया, रोहतक
प्रोफेसर एन. रघुराम, दिल्ली
डॉ. सुधा वशिष्ठ, लखनऊ
श्री आकाश वर्मा, लखनऊ
इ. रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ
डॉ. मनोज कुमार पटैरिया, नई दिल्ली
डॉ. सिराज वजीह, गोरखपुर
प्रो. उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, लखनऊ
प्रोफेसर मालविका श्रीवास्तव, गोरखपुर
डॉ. निहारिका शंकर, नोएडा
डॉ. संजय सिंह, झांसी
श्री उपेन्द्र प्रताप राव, दुदही
इं. तरूण सेंगर, इरविन अमेरिका
डॉ. पूनम सेंगर, चण्डीगढ़
श्री अविनाश जैसवाल, दुदही

आवरण फोटो
श्री प्रकाशवीर सिंह, लखनऊ
प्रबन्ध-सम्पादक
श्री अंचल जैन, लखनऊ
सोशल मीडिया
श्री रंजीत शर्मा, लखनऊ
श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, लखनऊ

संपादकीय पता
04, पहली मंजिल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025 भारत
ई–मेल : phssoffice@gmail.com/dr.ranapratap59@gmail.com
वेबसाइट : www.kahaar.in/www.kahaar.org (web portal)
https://www.facebook/kahaarmagazine.com

Technical Articles are Peer Reviwed

सहयोग राशि	प्रिंटकापी	ऑनलाइन
एक प्रति	: 200 रूपये	1000 रूपये
वार्षिक	: 700 रूपये	3000 रूपये

सहयोग राशि 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटीः लखनऊ' के नाम भेजें।
खाता संख्या– 2900101002506, कैनरा बैंक, बी.बी.ए. विश्वविद्यालय, लखनऊ
IFSC Code - CNRB-0002900

घोषणा

लेखकों के विचार से 'कहार' की टीम का सहमत होना जरूरी नहीं। किसी रचना में उल्लेखित तथ्यात्मक भूल के लिए 'कहार' की टीम जिम्मेदार नहीं होगी।

लेखकों के लिए

वैचारिक रचनाओं में आवश्यक संदर्भ भी दें एवं इन संदर्भों का विस्तार रचना के अन्त में प्रस्तुत करें। अंग्रेजी रचनाओं का हिन्दी तथा हिन्दी सहित अन्य भाषाओं की रचनाओं का अंग्रेजी या हिन्दी में सारांश दें। मौलिक रचनाओं के साथ रचना के स्वलिखित, मौलिक एवं अप्रकाशित होने का प्रमाणपत्र दें। लेखक पासपोर्ट साइज फोटो भी भेंजे। रचनाऐं English के Times New Roman (12 Point) और हिन्दी के लिए कृति देव 10 में Word Format (Window 2003) में टाइप करें। तस्वीरें, चित्र, रेखाचित्र आदि PDF Format में भेंजे।

विज्ञापन दाताओं के लिए

विज्ञापन की विषय वस्तु के साथ ही भुगतान 'प्रोफेसर एच.एस. श्रीवास्तव फाउण्डेशन फॉर साइंस एण्ड सोसायटी, लखनऊ' के नाम मल्टीसिटी चेक या बैंक ड्राफ्ट द्वारा सम्पादकीय पते पर भेजें। ऑनलाइन पेमेंट उपरोक्त* बैंक खाते में कर सकते है।

रूपये 6000/– पूरा पृष्ठ (सादा) रूपये 4000/– आधा पृष्ठ (सादा)
रूपये 10000/– पूरा पृष्ठ (रंगीन) रूपये 6000/– आधा पृष्ठ (रंगीन)

For Advertisers

Please send payment in form of DD or multicity cheques in favour of 'Professor H.S. Srivastava Foundation for Science and Society' Payable at Lucknow along with subscription forms or Advertisement draft. Online Payment can also be made in the account marked above as*.
Rs. 6000/- Full Page (B/W) Rs. 4000/- Half Page (B/W)
Rs. 10000/- Full Page (Color) Rs. 6000/- Half Page (Color

कहार एक पारम्परिक मनुष्य वाहक के लिए प्राचीन देशज सम्बोधन है। कहार की तरह ही यह पत्रिका जानकारियों एवं लोगों के बीच सेतु बनने की कोशिश कर रही है।

अनुक्रमणिका

क्र०सं०	विषय		पृष्ठ संख्या
01	सम्पादकीय	प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह	01
02	Editorial	Prof. Rana Pratap Singh	03
03	जल संरक्षण, नदी पुनरूद्धार और चम्बल की शांति पर जलपुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह से बात–चीत	प्रस्तुती–श्री कृष्णानन्द सिंह	05
04	नदी का नाद	प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह	08
05	सी...सी.....चटपटी करारी तीखी मिर्च और उसकी विविधता	मधु प्रकाश श्रीवास्तव	10
06	जैविक खेती का आधारः वेस्ट डीकम्पोजर	डॉ. रणधीर नायक, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह एवं प्रो. डी.के. सिंह	13
06	पेड़वा लगइबऽ तऽ बरसी पानी (भोजपुर कविता)	श्री कृष्णानन्द राय	15
07	पपीते की बागवानी	डॉ. आर.एस. सेंगर एवं श्री कृशानु	16
08	एवोकैडोः उपयोग और लाभ	अमजद अन्सारी	21
09	'खड़तल'(भोजपुर कविता)	मंगतराम शास्त्री	23
10	उच्च अध्ययन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका	डॉ. अजय शुक्ला और माधुरी तिवारी	24
11	Role of farm women in transforming agriculture in India	Mr. Y. P. Singh	28
12	Microbial Resilience to Climate Extremes: A Short Review	Mr. Abirami Subramanian and Mrs. Sushmitha Baskar*	34
13	Hybrid Seed Production Technology for Enhancing the Rice Production	Mr. Kushagra Yadav, Dr. Rakesh Singh Sengar, Ms. Huwishka Dutt and Ms. Shalini Gupta	39
14	Aquatic Pollution and Its Impact on Aquaculture	Mr. Ambrish Singh, C.P. Singh, Ashish Singh and Shashank Singh2	43
15	A comprehensive review of Artificial Intelligence applications in different fields	Mr. Ankita Yadav and Ms. Geeta Dhania	45

सम्पादकीय

2024, बदलती ठंड और बढ़ती गर्मी

दुनिया भर में अनेक सभ्यताओं के अपने-अपने नववर्ष होते हैं, तथा अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के अनुसार लोग नए वर्ष के लिए नए-नए संकल्प लेते हैं, नई योजनाएँ बनाते हैं, और नई शुरुआत करते हैं । परन्तु वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक धूम-धड़ाके के साथ अंग्रेजी नववर्ष मनाया जाता है। एक जनवरी से 2024 एक नये वर्ष के रूप में शुरू हो गया है। जो लोग इसे अपना नववर्ष मानते हैं, उन सबको नववर्ष-2024 की शुभकामनाएँ और पिछले वर्ष की सफलताओं तथा उपलब्धियों की बधाई। भारतीय परिप्रेक्ष्य में जो लोग लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहु, उत्तरायण, विल्लाकु आदि अपने-अपने सांस्कृतिक त्यौहारों से नए वर्ष की शुरुआत मानते हैं, उन सबको भी उनके नववर्ष की शुभकानाएँ और बधाई ।

भारत के अधिकांश हिस्सों में यह आंग्ल नववर्ष ठण्ड के चढ़ाव के दिनों में शुरू होता है, और थोड़े दिनों बाद तेरह से पंद्रह जनवरी के बीच लोहड़ी, मकर संक्रांति, बीहु, उत्तरायण, विल्लाकु, तथा पोंगल, माघ मेले, फिर वसन्त पंचमी और होली जैसे क्षेत्रीय और सांस्कृतिक धार्मिक त्यौहार आ जाते हैं। 9 अप्रैल को विक्रम संवत का नववर्ष मनाया जाता है। लोग अंग्रेज़ी नववर्ष के साथ-साथ इन्हें भी अपनी-अपनी परंपराओं और संस्कृतियों के अनुसार उल्लास से मनाते हैं । अधिकांश भारतीयों की मान्यता है, कि सूर्य के उत्तरायण होने से शुभ कार्यों की दुबारा शुरुआत की जा सकती है इस तरह देंखें तो 2024 की शुरुआत के महीनों में उल्लासित होने और खुशियाँ मनाने के अनेक अवसर स्वतः उपलब्ध हो जाते हैं। पर अधिकांश स्थानीय त्यौहार और उत्सव मौसम और फसलों के उत्पादों के अनुकूलन के उल्लास से विकसित हुए हैं, इसलिए प्रतिकूल मौसम हमारे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक घटनाओं और व्यवहारों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। इस वर्ष ठंढ देर से आई पर खूब आई। ठंढ की चुभन इस बार पिछले सालों से काफी अधिक महसूस की जा रही है। मौसम कब कैसा करवट ले ले, अब इसका अनुमान लगाना पहले से अधिक कठिन होता जा रहा है। मार्च की शुरुआत में ही बारिश, ओले और तेज हवाओं से कई क्षेत्रों मे पकी फसलों का भारी नुकसान हुआ है, और जान-माल की हानि हुई है। खेती से जुड़े लोग मौसम के अनपेक्षित बदलावों से अनायास सहम जाते हैं।

कई दशकों के पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक ऊष्मीकरण के अनुभव तथा उसकी चर्चा से लोग मौसम तथा पर्यावरण के बीच के संबंधों को अब पहले से बेहतर समझने लगें हैं। जाड़े में ठंढ कम पड़ने से गेहूं और सेव जैसी ठंढे मौसम की कई फसलों की उपज कम हो जाती है। ठंढ अधिक बढ़ने से और बर्फीली बूँदों और ठंढी हवाओं के आते रहने से भी जाड़े में अनेक फसलें खराब हो जाती हैं। भारत में अभी भी बहुत बड़ी संख्या ऐसे परिवार हैं, जो ठंढ से बचाव के लिए गरम कमरों और गरम कपड़ों के अभाव में आग के अलाव से अपने आप को ठंढ से बचाए रखने का प्रयास करते हैं। ठंढ बढ़ने से उनकी दिक्कतें और बढ़ जाती हैं।

पिछली लगभग दो सदियों में धीरे -धीरे विश्व भर में प्राचीन सभ्यताओं को पिछड़ मान कर नई सभ्यताएँ विकसित हुई, जो सैद्धांतिक रूप से ज्ञान-विज्ञान के नए स्वरूपों पर आधारित हैं, और व्यावहारिक रूप से उद्योग, कारखानों और नगरीय व्यवस्थाओं की पक्षधर रहीं। उद्योगों ने प्राकृतिक संसाधनों को बदल कर कृत्रिम पदार्थ बनाए और वैज्ञानिक तकनीकों तथा इंजीनियरिंग के ज्ञान से उन्हें लोगों की सुविधा बढ़ाने वाले उत्पादों में तब्दील किया। एक वैश्विक व्यापार के रूप में इसने कालांतर में एक विशालकाय शक्तिशाली वैश्विक बाजार-तंत्र का स्वरूप ले लिया। सारा अर्थशास्त्रीय और वैज्ञानिक विमर्श इसी बाजार-तंत्र के भीतर नई अँगड़ाइयाँ लेने लगा। विकास का मतलब धन का एकत्रीकरण, धन का बहाव और अधिक से अधिक सुविधाजनक मानव जीवन के लिए बहुतायत में उपभोग सामग्रियों के खरीद तथा उपयोग की क्षमताके बढ़ने को माना गया। मनुष्य के लिए जल, यातायात, भोज्य सामग्री, उपभोग सामग्री एवं स्वास्थ्य संरक्षण सामग्री आदि की बहुतायत में व्यवस्था बनी रहे, इसके लिए अनेक तरह के ज्ञान -विज्ञान निर्मित हुए, उद्योग स्थापित हुए, वैश्वीकृत विपणन व्यवस्था प्रबंधित हुई, अंतर्राष्ट्रीय समूह बने, नए सिद्धांत गढ़े गए तथा वैश्विक नियामक व्यवस्थाएँ बनी।

लोगों के उपभोग के लायक उपयोगी वस्तुओं की कीमत नियंत्रित रखने और अधिक से अधिक लोगों के लिए

04, पहली मंजिल, एल्डिको एक्सप्रेस प्लाजा, शहीद पथ उतरेठिया, रायबरेली रोड, लखनऊ–226 025
ई–मेलः dr.ranapratap59@gmail.com

सुविधाजनक रोजगार पैदा करने के अर्थशास्त्रीय विमर्शों ने अधिक से अधिक वस्तुएँ पैदा करने, बेचनें तथा उनकी खपत बढ़ाने की वकालत की, जिसे अपने देशों और समाजों के आर्थिक विकास की कुँजी मानकर दुनिया भर की सरकारों ने हाथों-हाथ लपक लिया। पिछले दशक के उत्तरार्द्ध से हम सब भी इसी तेज आर्थिक विकास में मनुष्य की गरीबी, बदहाली और भुखमरी से मुक्ति की तलाश कर रहे हैं, और इसी में सुख, शाँति और खुशियाँ देख रहें हैं। विज्ञान, समाज-विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र, मानविकी और कलाएँ, कानून और राजनीति-शास्त्र सबके सब इसी तेज आर्थिक विकास के भँवर कुण्ड में समाते जा रहें हैं। प्रकृति, पृथ्वी, पर्यावरण और जलवायु, नदियाँ, भूमि और हवाएँ हैरान-परेशान से मनुष्य के इस तेज आर्थिक विकास माडल को देख रहें हैं और अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएँ व्यक्त कर रहें हैं। आकाश, अग्नि, वायु, जल और पृथ्वी जैसे पंचतत्त्व जिनसे सारा जीव और अजीव-तंत्र निर्मित हुआ है, अचम्भे और उदासी से इस मानव-तंत्र की पृथ्वी-तंत्र से संभावित मुठभेड़ की सम्भावनाओं पर चिंतित और विचारमग्न हो रहें हैं ।

तेज आर्थिक विकास की इसी आपाधापी में पिछले लगभग पाँच दशकों से पर्यावरण और पारिस्थिकी के जानकारों ने इस विकास माडल की धारणीयता पर प्रश्न उठने शुरू कर दिए थे। धीरे -धीरे एक विशाल वैश्विक जन मानस संयुक्त राष्ट्र संघ की अगुआई में हरित चक्रीय विकास के एक नए पर्यावरण संगत माडल को लेकर खड़ा होता जा रहा हैं। अभी हाल ही में दिसंबर, 2023 के पहले सप्ताह में दुबई में 28 वाँ काप (कोऑपरेशन ऑफ़ पार्टीज़) आयोजित हुआ, जिसमें वर्तमान विकास प्रणाली की विसंगतियों पर विचार हुआ और नई विकास प्रणाली अपनाने से जुड़ी संभावनाओं और समस्याओं को समझने का प्रयास हुआ। इससे पहली बार यह भी स्वीकार किया गया कि पर्यावरण और मौसम के बदलाव अर्थात जलवायु परिवर्तन और वैश्विक ऊष्मिकरण की यह वर्तमान घटना सभी लोगों के जीवन पर असर डाल रही है, और यह नकारात्मक असर भविष्य मे और बढ़ने वाला हैं।

हम सब वर्तमान में जीने के आदी हैं, और जीवन को आसान बनाने वाली सुविधाओं को छोड़ना नहीं चाहते। हम चाहते हैं, कि हमारा तेज विकास, हमारी विलासिता, हमारी सुविधाएँ वैसी ही बनी रहें, और तत्कालीन आर्थिक विकास माडल से उपजी जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, अमूल्य प्राकृतिक संसाधनों की बेतहाशा खपत, जल, जंगल और जमीन की कमियाँ, युद्ध, विध्वंस और आपदाएँ, आपसी संघर्ष और वर्चस्व के झगड़े खत्म हो जाएँ। क्या यह सम्भव है? आत्मकेन्द्रित मनुष्य की जैविक आत्मा और मन मस्तिष्क जब तक अन्य मनुष्यों, जीव-जंतुओं, वनस्पतियों, सूक्ष्मजीवों और पारिस्थिकी-तंत्र के अजीव अवयवों से एक रागात्मक संबंध नहीं बनाएगा, अपने साथ-साथ उन सबके अस्तित्व को स्वीकार नहीं करेगा, हम प्रकृति-संगत धारणीय विकास माडल को पूरी व्यापकता और इसके बहुआयामी स्वरूपों में अपना नहीं पाएँगें।

इस नए वर्ष में आइए स्वयं भी एक ईमानदार प्रयास करें, कि हमारा मनुष्य-तंत्र और पृथ्वी-तंत्र दोनों अखंडित रहें, बचें रहें, सुरक्षित रहें।

राणा प्रताप

(राणा प्रताप सिंह)
www.ranapratap.in

Editorial

2024; The Changing winter and Hot Summer

Different civilizations and cultures around the world have their own ways and means to celebrate their New Years according to their own cultures and traditions. People make new resolutions, new plans, and initiate new beginnings each time for a New Year. However, The Christian New Year celebrated most widely with the high pomp and show at the global scale, has started from January 1st, so wishing you a Happy New Year-2024, especially those who consider it as New Year and celebrate. We congratulate you all on the successes and achievements of the last year-2023. In the Indian context, good wishes, and congratulations to all those who celebrate the beginning of the New Year with their respective cultural festivals like Lohri, Makar Sankranti, Pongal, Bihu, Uttarayan, Villaku etc.

In most parts of India, this English New Year begins in the extreme days of winter, to mark the birth of Holy Jesus Christ and a few days later between 13th and 15th January, Lohri, Makar Sankranti, Bihu, Uttarayan, Villaku, and Pongal, Magh Mela, then Vasant Panchami and Holi follow with a more pleasant weather. Along with the English New Year people celebrate all the festivals with great enthusiasm according to their respective traditions and cultures. Most of the Indians believe that auspicious works can be started again due to the Uttarayan of the Sun. 9th April is celebrated as New yeas as per vikram samvat. If seen in this way, many opportunities to rejoice and celebrate are automatically available in the initial months of 2024. But most of the local festivals and celebrations have evolved from the joy of adaptation to weather and achieving new crop products, hence adverse weather seriously affects our economic, social, and cultural events and behaviours. This year the frost came late but it came in full force. This time the sting of frost is being felt much more than in the previous years. Now it is becoming more difficult than ever to predict the real duration for the changes in the weather in a unpredicted way. In early March the erratic rain, rapid winds and hailstorm has caused huge damage in crop, houses and life of the people. Farmers get distressed more due to such erratic behaviour of the weather year by year.

Due to a few decades of experience and discussions on the environment, climate change and global warming, people have now started understanding the relationship between weather and environment better than before. Due to less frost duration in winter, the yield of many cold season crops like wheat and apple get reduced. Due to increase in high intensity frost even for a shorter duration and continuous coming of icy drops and frosty winds, many crops get damaged in the winter. There are still a large number of families in India, which in the absence of warm rooms and warm clothes, try to protect themselves from the cold by burning bonfires. Their problems increase further as the cold waves increases even for a shorter tenure with higher intensity.

In the last two centuries, new civilizations gradually developed around the world considering the ancient civilizations as backward, which are theoretically based on new forms of knowledge and science, and in practice favouring industry, factories, and urban systems. Industries created artificial products and synthetic toxic waste materials by transforming natural resources with the help of scientific techniques and engineering knowledge. As a global trade, and marketing network has eventually taken the form of a huge powerful global system. The entire economic and scientific discussions started taking their all the stakes utility within this market system, the Development is considered to mean accumulation of wealth, flow of money and the ability to purchase and use consumer goods in abundance for more and more convenient human life. To ensure abundant provision of water, transportation, food items, consumer goods and health protection materials etc. for human beings, many types of knowledge and services under the sciences have been created, industries have been established for its production packaging and distribution and global marketing system has …… strengthened. A globalized marketing system for the utilizing scientific outcomes as marketable technologies and products have emerged mighty during the last two centuries. This ecosystem for the science has been created and managed, by the experts of the multi-national big business groups. The new marketing principles have been formulated for encouraging more and more production and more and more consumption with a logic of creating more and more jobs and reduced prices for the products. In all, there is no considerations for indiscriminate consumption and rapid destructions of the precious natural resources, increasing pollutions in air, water and food systems, accumulation of the created waste materials, high emissions causing climate change and global warming and ecosystem services rendered by the environment.

Since last century we all have been searching for freedom from poverty, misery and starvation of human beings and the solutions are seen in this rapid economic development. The development, otherwise must reflect as

availability of essential needs (though there is no limit to consider the products required by human being as essential), happiness, peace and ease. Unfortunately, this rapid economic growth derived world has absorbed Science, social science, history, economics, humanities and arts, law and political science all in one aim to produce more, market more, consume more and increase the flow of individual and group wealth across the countries. Nature, earth, environment and climate, rivers, land, and winds are watching this rapid economic development model of man with surprise and are expressing their respective reactions as global warming, abrupt change in the climate and increasing disasters. The five elements, sky, fire, air, water, and earth, from which the entire living and non-living systems have been created, are becoming worried and thoughtful about the possible encounter of this human system with the earth system with surprise and sadness.

During this rapid economic development, for the last five decades, experts in environment and ecology had started raising questions on the sustainability of this developmental model. Gradually, a huge global public opinion, under the leadership of the United Nations, is standing up for a new eco-friendly model of green circular economy. Most recently, the 28th COP (Cooperation of Parties) held in Dubai in the first week of December 2023, considered the inconsistencies in the current development system and attempted to understand the possibilities and problems associated with adopting a new developmental pathway. It has been accepted in this cop for the first time that the climate change and global warming are going to impact we all rather than a few specific populations and come out of it, we need to accept that some inconvenience in our comforts can be adopted in need of a sustainable development of our civilisations to come out of such a crisis.

If we insist that our rapid growth, our luxuries, our facilities should remain the same, the current economic development model Cousing the climate change, pollution, reckless consumption of precious natural resources, depletion of water, forests and land, wars, destruction, and disasters can't be restricted. Unless the biological soul and mind, brain of a self-centred human being and his emotional connection with the nature e.g. other human beings, animals, plants, microorganisms, and non-living components of the eco-system will not be accepted, we will not be able to achieve a nature-friendly sustainable development model. We will not be able to adopt the new development models in its comprehensive and multi-dimensional form, unless we change our mind sets, philosophy of convenience and understanding of our own existence being a component of the ecosystem and not an independent super system.

In this new year, let us resolve to put an honest effort that both the human system and the earth system remain working together, remain safe and remain vibrant.

(Rana Pratap Singh)
www.ranapratap.in

विश्व जल दिवस

जल संरक्षण, नदी पुनरूद्धार और चम्बल की शांति पर जलपुरूष डॉ. राजेन्द्र सिंह से बात–चीत

❑ **प्रस्तुति : कृष्णानन्द सिंह**

जलपुरुष के नाम से विख्यात डॉ राजेन्दर सिंह, तरुण भारत संघ अलवर, भारत और अंतर्राष्ट्रीय संस्था बाढ़ और सुखाड़ विश्व–जन आयोग, उलरिका, स्वीडन के अध्यक्ष है, और पिछले चार दशकों से अधिक समय से राजस्थान, भारत और दुनियाभर के अनेक देशों मे जन भागीदारी से प्राचीन देशी तकनीकों मे तरुण भारत संघ के नवाचार से तथा स्थानीय लोगो की सामूहिक भागीदारी से निर्मित छोटे–छोटे बन्धो से पानी का अतिरिक्त बहाव रोककर अनेक नदियों का पुनरुद्धार कर उन्हे सदानीरा बना चुके हैं। उन्हे इन कामों के लिए प्रतिष्ठित मैगसेसे सम्मान एवं विश्वविख्यात स्टाक होम वाटर अवार्ड मिल चुका हैंद्य 22 मार्च, 2024 के विश्व जल दिवस के अवसर पर कहार पत्रिका के प्रधान सम्पादक प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह से जल संरक्षण और नदियों के पुनरुद्धार की प्रक्रिया और उसके जन जीवन की समृद्धि, सामाजिक शांति एवं जैव विविधता के विस्तार पर एक लंबी बात चीत हुई। कहार के पाठकों के लिए प्रस्तुत हैं, उस बातचीत का एक भाग।

राणा प्रताप सिंह– भाई जी पानी को लेकर जीवन लगाने की प्रेरणा कैसे मिली ?

डॉ राजेन्दर सिंह – पानी को लेकर जीवन लगाने की प्रेरणा उन लोगों से मिली, जो पानी के संकट से जूझ रहे थे। जिनकी न तो

जमीन बची थी, और न ही उनका परिवार जो पानी न होने से जमीन के बंजर हो जाने पर उजड़ चुके थे। मेरे शुरुआती दिनों मे मेरे आयुर्वेद से उनका उपचार करने पर जब वे स्वस्थ हुए तो, उनकी मांग थी, कि हमें तो इलाज से अधिक पानी की जरूरत है। पानी आएगा तो सब ठीक हो जाएगाद्य हमारा जीवन सुखमय हो जाएगा। जमीन की और हमारी प्यास बुझाने के लिए हमारी नदियों, जोहड़ों और कुओं में फिर से पानी आ जाएगा तो हमारी खेती लहलहा उठेगी। जीविका वापस आने से बच्चे शहर से वापस आ जाएंगे। लोगों की बातों से प्रकृति और जीवन मे पानी का महत्व जान समझकर मैंने उनकी जरूरत को पूर्ण करने के लिए नदियों, तालाबों और कुओं को पुनर्जीवित करने की चुनौतियों को स्वीकार किया। इसके बाद सूखी जमीन मे पानी लाने की जद्दोजहद और लोगों की समस्याओं का खात्मा करना हमारा लक्ष्य बन गया, जिसने हमें आज पानीदार बनाया और आगे बढ़ाया। ये चुनौतियाँ ऐसे मिलती रहीं तो उनके समाधान के लिए चलते रहना, जूझते रहना जिससे लोगों के जीवन को सुखमय हो, हमारी जीवन यात्रा हैं।

राणा प्रताप सिंह – अब तक कुल कितनी नदियों को पुनर्जीवित किया हैं ?

डॉ राजेन्दर सिंह – अभी तक हमने एक नदी कर्नाटक मे, दो नदी महाराष्ट्र मे तथा आठ नदी उत्तर राजस्थान मे पुनर्जीवित किया है। इसके अलावा आजकल हम चम्बल मे उन्नीस छोटी और सहायक नदियों के पुनर्जीवन के काम मे लगे हैं। चम्बल के इन नदियों मे पानी आने से वहाँ की अशान्ति शांति मे बदलने लगी हैं।

राणा प्रताप सिंह – चम्बल की जल यात्रा बहुत रोचक हैं। जल से समृद्धि और शांति कैसे हासिल हुई? इतने बागियों को आपने शांति का जलदूत कैसे बना दिया ?

डॉ राजेन्दर सिंह– राणा प्रताप सच–मुच यह एक रोचक और चुनौतीपूर्ण यात्रा हैं। इस पठारी इलाके मे धीरे–धीरे खनन शुरू हो गया नदी और जोहड़ सूखने लगे और लोगों, खेतों वनों तथा मवेशियों मे पानी की कमी से समस्याएं बढ़ने लगीद्य आधुनिक विकास से बहुत दूर अलग थलग पड़े इन पठारी इलाकों मे हरियाली घटने से गर्मी बढ़ाने लगी। खनन से धूल और प्रदूषण बढ़ने लगे और बचे हुए पेड़ पौधे भी नष्ट होने लगे। खेती–बारी और पशुपालन के समाप्त हो जाने से लोगों के पास रोजगार नहीं बचा। जीविकोपार्जन के लिए या तो वे शहर जाकर छोटी मोटी मजदूरी करने को विवश हुए या बहुतों ने बागी बनकर हिंसक जीवन अपना लिया। चम्बल के इन बागियों का इतना आतंक था, कि इन बीहड़ों मे लूट पाट, फिरौती के लिए अगवा किया जाना तथा हत्या आम बात हो गयी था। लोग इन इलाकों मे आने से डरते थे। सरकारो ने इन्हे दुर्दांत डाकू घोषित कर इनपर हजारों और लाखों के इनाम रख दिए थे। शुरू मे इन इलाकों मे काम करने मे हमे भी जान का खतरा

था। पर किसी को तो यह खतरा लेना ही था। हमने काम शुरू किया। पारबती–सैरनी नदी में कई दर्जन बंधे और तालाब बरसात के पानी के अनावश्यक बहाव और उसके व्यर्थ हो जाने से रोकने के लिए तरुण भारत संघ और स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से इसे सदानीरा बनाना संभव हुआ। इसमे तकनीक और दो तिहाई पैसा तरुण भारत संघ ने लगाया और एक तिहाई पैसा लोगों ने स्वयं इकट्ठा किया। अब इन बन्धो के साथ बने जल संग्रहण के तालाबो से इन गांवों को मछली पालन की सहूलियत और इससे वार्षिक आय मिल रही हैं। अब इनकी जमीन और जोहड़ों मे पानी है। नदी सारे साल बहती है। खेतों मे फसल लहलहा उठी और गांवों मे पशुओं के झुंड के झुंड दिखने लगे। पत्थरों पर बने छोटे कुँओं से लगातार जल निकलता रहता है। जमीन के पेट मे पानी भर गया। लोगों के चेहरे पर खुसी दिखने लगी। वे पानी के, समृद्धि के, शांति के, खुशी के, गीत गाने लगे है। अब वे अपने को नंबरदार, पानीदार और इज्जतदार मनने लगे है। अब चम्बल के बागी जिनमे से अनेकों के ऊपर सरकारों ने इनाम रखे थे, आत्मसमर्पण कर, अपनी सजा काट पानी का काम कर रहे है। आज हम सबने उनको जलदूत का सम्मान दिया हैं। पानी से इस क्षेत्र मे शांति आने की यह अनूठी मिसाल है।

राणा प्रताप सिंह – गोदावरी जैसी बड़ी नदी को लेकर आपके नेतृत्व मे जल बिरादरी महत्वपूर्ण काम कर रही हैं। इसके बारे मे कुछ कहे।

डॉ राजेन्दर सिंह – महाराष्ट्र मे जलदूतों का एक बढ़ा समूह गोदावरी के पुनरुद्धार के लिए अत्यंत सक्रिय है। सभी साथियों ने मिलकर सामूहिक रूप से महाराष्ट्र मे जल–संरक्षण के क्षेत्र मे महत्वपूर्ण काम किया हैं। उन्होंने ने महाराष्ट्र की सभी नदियों को पुनर्जीवित करने का वृहद प्रयास शुरू कर दिया है।

राणा प्रताप सिंह – महानदी के विवादों को सुलझाने मे भी आपकी भूमिका मानी जाती हैं। इस पर कुछ कहें।

डॉ राजेन्दर सिंह – महानदी को लेकर पिछले दस सालों मे उड़ीसा छत्तीसगढ़ मे चल रहे विवाद को लेकर 2006 से प्रोफेसर जी. डी. अग्रवाल जी और मैं काफी लड़े । कुछ सफलताएं पाई और कुछ असफलताएं भी, जिससे सीखते हुए सफलता और असफलता के बीच अभी तक हम जूझ रहे हैं।

राणा प्रताप सिंह – प्रोफेसर अग्रवाल के साथ गंगा की सुचिता को लेकर भी आप चिंतित रहे। गंगा के बारे मे अब आपकी क्या योजना हैं ?

डॉ राजेन्दर सिंह – गंगा एक विशाल नदी है, जो उत्तर भारत की जीवन रेखा है तथा कई राज्यों को प्रभावित करती हैं। गंगा की अविरलता, पवित्रता और सुचिता को लेकर हमारी चिंता बहुत पुरानी हैं, जिसमे प्रोफेसर जी. डी. अग्रवाल जैसे विद्वान जल–योद्धा

आजीवन संघर्ष रत रहे। हाल ही मे अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'बाढ़ और सुखाड़ विश्व–जन आयोग, उलरिका, स्वीडन के तहत एक गंगा रिजूवनैशन कौंसिल ऑफ इंडिया की स्थापना की गयी है, जिसमे श्री आर के तिवारी जी तथा प्रोफेसर राणा प्रताप सिंह के साथ विद्वत जनों, वैज्ञानिको और गंगा पर काम कर रहे साथियों के एक समूह को गंगा पर आगे काम करने की योजना बनाने का जिम्मा दिया गया है। इसमें यह समझ बनी है, कि गंगा के उपर हुए अबतक के सभी सरकारी और गैर सरकारी प्रयासों का एक वैज्ञानिक आकलन अंतर्राष्ट्रीय जल संस्थान, जोधपुर के साथ मिलकर किया जाए। इसके साथ ही बच्चों और युवाओं के मन और मस्तिष्क से गंगा की भव्यता और इसके महत्व को जोड़ने के लिए गंगा के तटों पर बच्चों के साथ बाल मेले आयोजित किये जायें, जिसकी थीम 'आओ गंगा को जाने' हो। इस कार्य क्रम को करने के साथ–साथ गंगा नदी के दोनों तरफ रहने वाले लोगों को गंगा के लिए काम करने लिए प्रेरित करना और गंगा की महत्ता और आवश्यकता को उनके साथ साझा करना होगा। सरकारों का ध्यान गंगा की बीमारी की तरफ करना होगा, जिससे गंगा कि जो बीमारी है, उसे वे समझे और उसका समुचित इलाज करें। हमें लगता है कि सही समस्याओं पर अभी लोगों का और सरकारों का ध्यान नहीं गया है। गंगा की बीमारी कुछ हैं, इलाज कुछ और हो रहा है, तथा सही लोगों द्वारा इलाज नहीं हो रहा हैं। जिसके कारण गंगा और बीमार हो रही हैं। इसका निदान करना जरूरी है।

राणा प्रताप सिंह – जल–संरक्षण और नदी पुनर्जीवन के लिए आपकी अवधारणा और उसका मूलतत्व क्या हैं ?

डॉ राजेन्दर सिंह – जल संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए जो मूलतत्व है, वो ये है कि जब वर्षा के जल को सहेज कर किसी भी नदी के घाटी की संरचनाओं मे समेटा जा सके और उसे बर्बाद न होने दिया जाए, तो नदियां अविरल और निर्मल बनी रहती हैं। बरसात मे अत्यधिक पानी नदी के प्रवाह को बढ़ा देता हैं, जो नदी के घाटी मे जल संग्रहण संरचनाओं के न होने से बहकर बर्बाद हो जाता है और पानी जमीन के भीतर नहीं जा पाता। अगर हम छोटे बंधे और ताल–तलैया बनाकर इस बहते पानी को सही जगहों पर

रोक लें तो मिट्टी मे और वातावरण मे नमी बनी रहेगी। और ये जो जल संरचनाओं की नमी हैं, उससे जमीन के नीचे पानी रिसते रहने से धरती का पेट पानी से भर जाता है। और जब धरती का पेट भर जाता है, तो फिर चारों तरफ जो नदियों का भूजल पुनर्वरण हो जाता हैं, वो नदियों का प्रवाह बढ़ा देता है। जल सरंचना से शुरू होने वाली स्ट्रेच या पुनः जीवित होकर बहुत सारी स्ट्रेच मिलती है, तो बहुत सारी स्ट्रेच मिलकर नदी के प्रवाह को बढ़ा देती हैं। और फिर बहुत सारी छोटी नदियाँ और स्ट्रेच मिलकर एक सदानीरा नदी मे बदल जाती हैं। यही नदी की अवधारणा है। पानी का बहाव सात तरह के चक्रों से गुजर कर नदी का रूप लेता हैं। नदी अपने उद्गम से शुरू होकर जब समुद्र मे मिलती हैं, तो नदी का मीठा पानी समुद्र के खारे पानी से मिलकर समुद्र मे समा जाता है। नदियाँ वो होती है जो अविरलता निर्मलता के साथ आजादी से बहती है। नदियों का आजादी से बहना ही नदियों के जीवन को सदानीरा बनाता है। इसलिए नदी का बनना और बहते रहना इसकी घाटी मे बनी जल संरचनाओं से ही संभव हैं।

राणा प्रताप सिंह – स्वीडन से शुरू हुए बाढ़ और सुखाड के लिए विश्व जन सम्मेलन के नामित अध्यक्ष है। इसमे अब तक की उपलबधिया और भविष्य की क्या योजनाएं हैं ?

डॉ राजेन्दर सिंह – स्वीडन से शुरू हुए बाढ़ और सुखाड़ विश्व जन आयोग के पिछले साल की जो गतिविधियाँ हैं, उसके तहत विश्व भर मे कुल 500 से अधिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कई देशों मे लोगों ने बाढ़–सुखाड़ से मुक्ति की युक्ति पर गहरा प्रयास किया तथा जल संरक्षण पर अनेक अभियान चलाए। बाढ़–सुखाड़ विश्व जन आयोग, जहा–जहां लोग तैयार होकर इस काम को करने के लिए आगे बढ़ते है, वहाँ–वहाँ आयोग की मुख्य समिति जाकर मदद करती हैं। सुखाड़ बाढ़ विश्व जन आयोग का लक्ष्य है, कि दुनिया के सभी क्षेत्रों में लोग जल–संरक्षण मे भागीदार बनें और पानीदार बने तथा पूरी दुनिया बाढ़ सुखाड़ मुक्त हो जाए।

धारावाहिक

नदी का नाद

❑ प्रो० राणा प्रताप सिंह

मित्रों नमस्कार । इस अंक से कहार बहुभाषाई पत्रिका में मैं संपादकीय के अतिरिक्त एक पुस्तक के हिस्से से नाम से एक नया कालम शुरू कर रहा हूँ, जिसमें मैं अपनी नई पुरानी यात्राओं से मिले अनुभवों को आप सबके साथ साझा करता रहूँगा । यात्राओं में जब हम नई जगहों पर जाते हैं, नए लोंगों से मिलते हैं, नवीन अनुभव करते हैं, तो जीवन और जगत के अनेक नये अनुभव हमें प्राप्त होते रहते । उनसे कई बार हमें नया ज्ञान अर्जित होता और कई बार तो नये जीवन दर्शन मिलते हैं । ये आलेख आपसे संवाद कर पाएँ तो अपने मन की बात ज़रूर बताइएगा । कहार पत्रिका के पते पर ईमेल या पत्र भेज कर । इन मुद्दों पर आपके विचार भी हम लोंगों से साझा करेंगें ।

–राणा प्रताप सिंह

चलते –चलते अचानक मुझे एक अस्पष्ट सी ध्वनि सुनाई दी। मैंने ध्यान से कान दिया तो लगा कि यह आवाज थोड़ी दूर आगे ठीक बगल से गुजरती हुई सैरनी नदी के बहाव की थी । मैंने पूरे मनोयोग से उसे सुनने और समझने की कोशिश की पर गाड़ी की रफ्तार और अपने भीतर और बाहर के शोर में नदी के नाद का अर्थ खोल पाना मेरे लिए संभव नहीं हो पा रहा था । वह एक विशेष यात्रा थी , चंबल के बीहड़ों में पानी , बागी , बीहड़ और बाँधों की यात्रा । उस दिन हम सब पर्यावरण प्रेमियों के उस छोटे से परंतु बहुत ही महत्वपूर्ण समूह में एक साथ इस पुनर्जीवित नदी के पुनरुद्धार और पानीदार होते ही बड़ी संख्या में चंबल के बागियों के समर्पण की कहानी देखने और सुनने जा रहे थे। उस दिन हम सबके सम्मुख डाकू कहे जाने वाले सैकड़ों बागी नौजवानों और अब शाँति एवं संतोष से जी रहे अधेड़ तथा बुजुर्ग लोंगों के मन के बदलने , भविष्य के लिए बड़े फैसले लेने तथा जीवन के नए दौर में नवीन परिवर्तन के साथ तालमेल बैठा कर सहज तरीके से नया जीवन जीने के प्रयास में पानी की उपलब्धि को सबसे बड़ा कारण माने जाने की स्वीकृति को देखने , जानने और समझने का अनूठा अवसर था । उस अत्यन्त दूरस्थ एवं आर्थिक ,शैक्षणिक तथा सामाजिक व्यवस्थाओं की उपलब्धि न होने से बहुत पिछड़े माने जाने वाले क्षेत्र में आयी इस विशिष्ट खुशहाली तथा अन्न – समृद्धि एवं चिर – शाँति के पीछे इस नए तरह की जल क्रांति की कहानी के हम सब उस दिन मात्र पाठक नहीं , बल्कि दर्शक और गवाह बनने जा रहे थे । मेरे लिए इस अदभुत अवसर के बारे में सोचना स्वयं में बहुत सुखद और आहलादिक करने वाला अहसास था।

हमारी यह विशिष्ट यात्रा खनन से नष्ट हुए इस पठारी क्षेत्र के गावों में एक जलयोद्धा के अनवरत प्रयासों से सामूहिक पुरुषार्थ और आपसी ताल – मेल के अनूठे प्रयोग की साक्षी होने की चेष्टा थी । वह दिन हम सबके लिए एक नष्ट हो गयी नदी और उसकी सभ्यता के पुनर्निर्माण और पुनर्जागरण तथा पानी मिल जाने से जमीन की ताकत में हुई अविश्वसनीय वृद्धि से उन गावों की एक नई अर्थव्यवस्था , एक नये समाजीकरण और एक खुशहाल सामूहिक जीवन के पुनर्निर्माण का गवाह बनने का समय भी था ।

हम कुल सात लोग थे । भाई जी जलपुरुष डा राजेंदर सिंह और मेरे अतिरिक्त इस समूह में पाँच और बहुत ही महत्वपूर्ण भारतीय और विदेशी मनीषी , विचारक , वैज्ञानिक , प्रशासक और शोधार्थी थे ।हम जैसे –जैसे चंबल क्षेत्र में भीतर बढ़ रहे थे , हमारे भीतर की हलचल और उत्सुकता वैसे –वैसे ही बढ़ती जा रही थी । दूर तक फैली हुई वीरानी और वातावरण की उदासी भरी गर्मी हमें अनायास चिंतित कर रही थी । बार –बार मन में प्रश्न उठने लगता कि इस विशाल बंजर और शुष्क क्षेत्र में लोग , पशु– पक्षी , कीड़े – मकोड़े और वनस्पतियाँ कैसे रहते हींगें भला ? बिना पानी उनकी प्यास कैसे बुझती होगी और बिना पेड़ उनको छाया कैसे मिलती होगी ? एक तो गर्मी , दूसरी ऊबड़ –खाबड़ चढ़ाई , तीसरी प्राणवायु ऑक्सीजन की कमी और पानी का अभाव , कैसा दुरूह जीवन है , यहाँ का , यह सोच कर हमारा मन भी व्याकुल हो रहा था।

सुबह –सुबह जलपान कर प्रख्यात जैन तीर्थ श्री महावीर जी के रात्रि विश्राम स्थल से हम सब तीन गाड़ियों के काफिले में चंबल के उन गाँवों की ओर जा रहे थे , जहाँ ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से अपने और तरुण भारत संघ के दर्शन , ज्ञान , अनुभव , खर्च और श्रम से नदी के बनाए जा रहे वे अनूठे बाँध थे , जो वर्षा ऋतु में नदी में आये तेज बहाव के समय पानी को आगे जाकर बर्बाद होने से रोक लेते थे । इससे सूखे दिनों में न सिर्फ़ लोंगो, पशुओं , खेतों तथा वनस्पतियों को पानी मिल जाता, बाँधों के पीछे बने बड़े तालाबों में से पानी रिस – रिस कर लगातार जमीन की नमी को बढ़ाता रहता और अतिरिक्त जल जमीन के छिद्रों से रिसते –रिसते भूगर्भीय जल में लगातार वृद्धि करता रहता । हमारे काफिले को श्री महावीर जीसे चले ३–४ घंटे हो गए थे और धीरे –धीरे वातावरण में गर्मी बढ़ने लगी थी। सूरज के सिर की सीध में आ जाने से धूप में तपिश बढ़ने लगी थी , जबकि दिसम्बर की धूप को इस इलाके में इतनी तेज नहीं होनी चाहिए थी । हम सुबह –सुबह ठंढ में चले थे , तब शरीर को मोटे गरम कपड़ों से ढकना पड़ा था , अब वही मोटे कपड़े भारी और उबाऊँ लगने लगे थे ।

कहना न होगा कि इन कुछ घंटों की यात्रा के पहले मुझे पानी की इस अनूठी आवाज और इस क्षेत्र की शुष्कता तथा कठोरता का कोई अनुमान नहीं था , जबकि करीब पाँच दशकों से मैं एक विद्यार्थी, शोधार्थी , शिक्षक और विचारक के तौर पर पानी , प्रकृति , पर्यावरण , पारिस्थिकी और जीवों तथा अजीवों के बीच के संबंधों को लेकर लगातार शोधरत और अध्ययनरत हूँ । मैंने लगातार विज्ञान और पर्यावरण अध्ययन के अनेक सिद्धांतों और स्वरूपों को एक

अकादमिक व्यक्ति के रूप से देखा था तथा मनुष्य को पृथ्वी तथा प्रकृति की एक विशिष्ट जैविक इकाई के रूप में जानने – समझने की कोशिश की थी । मुझे उस समय अहसास हो रहा था , कि हम मनुष्य को केंद्र में रखकर प्रकृति की बुनावट और इसके अंतरसंबंधों को समझने की कोशिश करते रहते हैं , जबकि पृथ्वी – तंत्र ने मनुष्य को अपने प्रकृति – तंत्र के एक अवयव के रूप में निर्मित किया है , और यहीं से हमारे अध्ययन और शोध का सीमांकन शुरू हो जाता । हमें समझना होगा कि मनुष्य इस पृथ्वी – तंत्र के केंद्र में नहीं है , और हमें अब अपने पर्यावरण तंत्र के बुनावट को नए सिरे से अध्ययन करना है , इसके स्वरूप को नए पर्यावरणीय दर्शन से व्याख्यायित करना है और नवीन पर्यावरणीय सिद्धांत गढ़ने हैं । अगर हमारी इस पृथ्वी –तंत्र के केंद्र में कोई है , तो शायद वह जल है , जमीन है और वनस्पतियाँ हैं , जिनसे जीवन चक्र का निर्माण और पोषण होता है , वैसे तो चक्रीय व्यवस्थाओं में चक्र के सभी विंदु अपने –अपने स्थान पर एक केंद्र बनाते हैं । मुझे लगता है कि जल और प्राणवायु ही ऊर्जा तथा पदार्थों के बहाव की अनगिनत अनूठी व्यवस्थाओं तथा जैविक विकास–तंत्र का निर्माण करते हैं , जो इस अनूठे पृथ्वी– तंत्र को हर एक जीव –अजीव के साथ –साथ इस अंतहीन ब्रह्माँड – तंत्र से भी जोड़ता और तोड़ता रहता है । इस विशाल ब्रह्मांड के भीतर हमारे पृथ्वी – तंत्र में एक अवयव की तरह उत्पन्न मनुष्य ने अपने कौशल और अत्यंत जटिल मस्तिष्क की विलक्षण क्षमता का प्रयोग कर धीरे–धीरे एक अपना अप्राकृतिक मनुष्य – तंत्र स्थापित कर लिया है , जो अपने निर्माता पृथ्वी – तंत्र से अनजाने में ही मुठभेड़ की मुद्रा में खड़ा हो गया है ।

हम मनुष्यों के जिस तरह के आपस में विविध प्रकार के संबंध होते हैं , उसी तरह हमारे संबंध वनस्पतियों , वृक्षों , पक्षियों , पशुओं , पहाड़ों , पानी , धूप , हवा आदि सभी जीवित –अजीवित जीवों और पदार्थों से होते हैं । जिस तरह हमारे मनुष्यवत् संबंध हमारी मंशा और व्यवहार से परिलक्षित होते हैं , और दूसरों को आकर्षित या विकर्षित करते रहते , उसी तरह हमारे मनुष्यतर संबंध भी हमारी नीयत और व्यवहार से ही संचालित होते हैं । मनुष्योतर जीव और अजीव भी उस सकारात्मक तथा नकारात्मक विचारों और ऊर्जा पुंजों से हमारे संबंधों को महसूस करते और उसी के अनुसार प्रतिक्रिया देते हैं ।

हमें इस यात्रा में बार–बार यह अहसास हो रहा था , कि मनुष्य के सम्बन्ध हमारे आस–पास के अनेक प्राकृतिक जैविक तथा अजैविक अवयवों से वैसा नहीं है , जैसा होना चाहिए । नदियों में नाद , जमीन में जल , पेड़ –पौधों में वह हरियाली भरी चमक , धूप में कोमलता और पशु –पक्षियों की चहचहाहट वैसी नहीं थी , जैसी वैसे कम घनी आबादी वाले क्षेत्रों में होनी चाहिए क्योंकि वहां पेड़ नहीं थे। पशु नही थे, लोग नही थे। यात्रा के शुरू –शुरू के कुछ घंटों में तो सड़क के दोनों तरफ़ खनन , वीरानगी और उदासी का अजीब सा घाल –मेल नजर आता था जिसने हमारे मन को कसैला कर दिया था ।

चलते –चलते क़रीब तीन घंटे बीत गए होंगें । हम चढ़ाई और उतार वाले पतले सर्पिले रास्ते से आगे बढ़ते जा रहे थे कि अचानक आसपास के वातावरण में एक बदलाव सा दिखने लगा । जलपुरुष ने एक मोड़ पर गाड़ी रुकवाई । तीनों गाड़ियाँ एक के पीछे दूसरी एक पंक्ति में सड़क के किनारे मुख्य रास्ता छोड़कर खड़ी हो गयी थी । हम सब उतर कर उनके साथ एक छोटे से टीले की ओर बढ़ गए । वहाँ बहुत देर के बाद एक हरा –भरा पुराना पेड़ मिला । भाई जी ने टीले पर चढ़ कर उँगली उठाई , उन गावों और खेतों की ओर जिधर हरियाली थी , हलचल थी और पानी था । वह सैरनी नदी का पुनर्जीवित क्षेत्र था । उधर पेड़ो के झुरमुट में अनेक पशु – पक्षी थे , तालाब थे और खेत थे । खेतों के बीच गाँव थे और पास के एक गाँव में झाँक कर महसूस हुआ , कि उन गावों में चलते –फिरते, हँसते – मुस्कुराते , पशु चराते , खेती –बाड़ी करते बड़ी संख्या में बच्चे , किशोर , जवान , प्रौढ़ और बुजुर्ग पुरुष और महिलाओं के अनेकों समूह अपने –अपने काम में लगे थे । रास्तों में स्कूल की ओर जा रहे या स्कूल से आ रहे पढ़ने जाने वाले बच्चे थे , हालाँकि अनेक गावों से स्कूल अब भी कई किलोमीटर दूर थे और वहाँ पहुँचने के रास्ते बच्चों के हिसाब से कठिन था ।

पानी के स्रोतों के किनारे कपड़े धोते , नहाते और खेलते पुरुष , स्त्रियों और बच्चों के झुंड के झुंड खुश और अपने काम में मग्न नजर आ रहे थे, जैसे उनके आस –पास पानी का उपलब्ध होना ही उनके मन की मुराद हो । पृथ्वी के प्राकृतिक तंत्र को अपने ज्ञान – विज्ञान और अपनी आकांक्षाओं से प्रभावित करने वाले एक आर्थिक– राजनीतिक मनुष्य – तंत्र को जानने – समझने की कोशिश में अब तक का लंबा जीवन खपाने के बाद , उस दिन चंबल के बीहड़ो में सैरनी नदी के किनारे जलपुरुष और अन्य अत्यंत महत्त्वपूर्ण साथियों के साथ विचरण करते हुए , बात करते हुए , सैकड़ों ग्रामीणों से संवाद करते हुए , उनसे प्रश्न करते हुए और उनके प्रश्नों के उत्तर तलाशते हुए मैं पानी को जिस प्रकार एक नए दर्शन और नई सूझ – बूझ से समझ पा रहा था , यह पहले से कुछ अलग सा था । पूर्वी उत्तर प्रदेश के मेरे अपने तराई क्षेत्र में पानी का मतलब चम्बल के इस सूखे इलाके में पानी के मतलब से एकदम अलग था ।

उस दिन मुझे एक नयी बात समझ में आयी कि नदी अपने बाशिंदों से अलग –अलग जगहों पर अलग –अलग तरह से संवाद करती है । कि पानी का मतलब तराई में और सूखे पठारों के गावों और क़स्बों में अलग –अलग होता है । इस यात्रा में मैं इस तरह की अनेक बातें पहली बार अनुभव कर रहा था । मुझे लगा कि हमारे पैरों के आस –पास की मिट्टी भी अलग–अलग स्थितियों में अलग –अलग लोंगों के लिए अलग–अलग अर्थ खोलती है । मैं अपने इस नयी पाठशाला में अपनी अनूठी प्रकृति नये –नये पाठ पढ़ कर इस नवीन ज्ञान से अचम्भित था ।इस छोटी सी यात्रा में पानी , प्रकृति और वहाँ के लोंगों के साथ हमारा एक अलग रिश्ता बन रहा था , और मेरे लिए यह एक अनूठा और उत्तेजक अनुभव था ।मुझे स्पष्ट लगने लगा था कि मशीन मनुष्य की मदद करे तो ठीक है , अगर वह उसको नियंत्रित कर उसका मनमर्दन करेगी तो मानवता का विकास नहीं उसका विनाश ही होगा।

...अगले अंक में जारी

जैव विविधता

Peer Reviewed

सी...सी.....चटपटी करारी तीखी मिर्च और उसकी विविधता

❑ मधु प्रकाश श्रीवास्तव

आपने कुछ ऐसा खाया कि बस मुंह से निकले सी... सी... कुछ याद आया हम बात कर रहे है विटामिन सी से युक्त चटपटी, तीखी और मुंह के स्वाद को बदलने वाली मिर्च की। जी हॉ, मिर्च प्राकृतिक रूप से मध्य या दक्षिणी अमेरिका में पायी जाती है वैसे इसका उदगम स्थान ब्राजील को माना गया है। यह सोलेनेसी कुल की सदस्य है। इसका वैज्ञानिक नाम कैप्सिकम है। कुछ देश जैसे पेरू, बोलिविया, इक्वाडोर आदि मे इसे मूल फल भी कहा जाता है। भारत में जो मिर्च तीखी होती है उसे लोग 'चिली' कहते है। क्या कोई मिर्च मिठी भी हो सकती है? जी हॉ, भारत में पायी जाने वाली मिठी मिर्च का 'शिमला मिर्च' के नाम से जाना जाता है।

चित्र न0–1 विभिन्न प्रकार की मिर्च



चित्र न0–2 विभिन्न आकार व रंग की मिर्चे

विवरण –

मिर्च पूरे विश्व में पायी जाती है सबसे अधिक प्रजाति कैप्सिकम एनुअम की पायी जाती है और दूसरी प्रजातिया दक्षिणी भारत, उत्तर पूर्व भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफ्रीका आदि देशो में पायी जाती है। भारत में मुख्यतः आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, अरूणाचल प्रदेश व उत्तर प्रदेश में होती है। अगर व्यावसायिक खेती की बात करे तो उत्तर प्रदेश, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखण्ड आदि इसके मुख्य उत्पादक प्रदेश है।

जलवायु व मिट्टी–

मिर्च के पौधे पर वातावरणीय कारक का प्रभाव पड़ता है उसके फल देने, पुष्प खिलने आदि पर तापमान तथा आर्द्रता दोनों का प्रभाव होता है। सामान्य उत्पादन करने के लिये इसे दिन में 20–30°ब और रात्रि में 15–22°ब का तापमान चाहिये होता है। इसके नीचे या ऊपर तापमान बढ़ने पर इसकी वृद्धि रूक जाती है। फल उत्पादन के लिये 15°ब के ऊपर का तापमान चाहिये होता है। यह पाले आदि से बेहद संवेदनशील होती है। प्रकाश प्रखरता भी इसके उत्पादन को बेहद प्रभावित करती है। इसकी उचित वृद्धि के लिये 39292–86112 लक्स की आवश्यकता होती है। इसके अधिक उत्पादन के लिये मिट्टी का अम्लीय (पी०एच0 मान 5 से 6) होना चाहिये। मिर्च के लिये अनुकूल परिस्थिति, धूप की अधिकता व आर्द्रता कम होना है।

पौधा –

मिर्च का पौधा एकवर्षी, द्विवर्षी या बहुवर्षी होता है। इसकी विभिन्न प्रजातियों में पुष्प, फल का आकार, प्रकार और रंग भिन्न–2 होता है इसके फल को बेरी नाम से जाना जाता है। फलों का आकार मटर जैसे गोल या लम्बा दोनों प्रकार से होता है अर्थात् मटर की फली से लेकर बड़ी घड़ीनुमा होता हो अगर फल के अवयक की बात करे तो 38ः पेरीकार्प, 56ः बीज, 2ः आन्तरिक भित्ती व 4ः डंडी होती है। एक फल लगने से लेकर पकने में लगभग 60–70 दिन का समय लेते है। फल का रंग उनकी प्रजाति के ऊपर निर्भर करता है। शुरूवात में यह हरा होता है, फिर जैसी प्रजाति होती है वैसा रंग लेता है जैसा हल्का पीला, बैगनी, गहरा लाल या नारंगी हो जाता है। उत्पादन योग सभी प्रजातियों द्विगुणित होती अर्थात इसमें जो क्रोमोसोम पाये जाते है उनका नम्बर (2दत्र24) होता है।

प्रजातियां –

कैप्सिकम की लगभग 20–25 प्रजातिया पूरे विश्व में पायी जाती है उनमे से लगभग 20 जंगली तथा 5 खाने वाली है। ये खाने वाली प्रजातियां निम्न प्रकार से है :–

- कैप्सिकम एनुअम
- कैप्सिकम फ्रटेसेन्स

वनस्पति विज्ञान विभाग, महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ, भारत'
ई–मेलः madhusrivastava2010@gmail.com

- कैप्सिकम बैकेटम
- कैप्सिकम चाइनेन्स
- कैप्सिकम प्यूबेसेन्स

भारत में तीखी मिर्च तथा मीठी मिर्च दोनो का उत्पादन होता है। जो तीखी मिर्च होती है उसे कैप्सिकम फ्रटेसेन्स कहते है, यह झाड़ी रूप में होती है। इसकी पत्तियां छोटी व कम चौड़ी होती है। इसके फल गुच्छो में व सीधे होते है जबकि मीठी मिर्च को कैप्सिकम एनुअम कहते है। इसकी पत्तियां बड़ी व चौड़ी होती है तथा फल एकल, लटकने वाले होते है। तीखी मिर्च में 0.22: केप्साइसिन पाया जाता है जबकि मीठी मिर्च में 0.1: केप्साइसिन पाया जाता है।

भारत ने तीखी और मीठी मिर्च की कई प्रजातियां विकसित की है जो उत्पादन में अधिक मात्रा तथा पौष्टिक गुणों से भरपूर है। अगर शिमला मिर्च की बात करे तो अकी गौरव, अकी वसन्त, अकीर मोहनी, काल वन्डर आदि उन्नत किस्मे है। यह प्रजातियां बहुत जल्दी ही लगभग 4–5 महीने में खाने लायक हो जाती है और इनका उत्पादन लगभग 120 से 150 कुन्तल/हेक्टेयर होता है। पुसा सदाबहार, उज्जवल, कोयम्बटूर, भाग्यलक्ष्मी आदि तीखी मिर्च की उन्नत प्रजातियां है। कुछ संकर प्रजातियां जैसे इन्दिरा, हीरा, विक्रान्त, महाभारत आदि अच्छी उत्पादक वाली मिर्च है।

चित्र न0–3 कैप्सिकम एनुअम

चित्र न0–4 कैप्सिकम चाइनेन्स

चित्र न0–5 कैप्सिकम फ्रटेसेन्स

चित्र न0–6 कैप्सिकम प्यूबेसेन्स

चित्र न0–7 कैप्सिकम बैकेटम

पोषक तत्व व उसके अवयव –

अगर मिर्च के 100 ग्राम खाने वाले भाग को ले तो उसमे निम्न पोषक तत्व तथा उनका प्रतिशत निम्न प्रकार होता है –

तत्व	हरा मिर्च	लाल मिर्च
पानी	84	86
ऊर्जा (कैलोरी)	49	45
वसा (ग्राम)	1.98	1.07
कार्बोहाइड्रेट (ग्राम)	10	9
प्रोटीन (ग्राम)	1.98	1.94
विटामिन सी (ग्राम)	140	86
विटामिन ए (ग्राम)	180	4770
फाइवर (ग्राम)	2.5	1.8
कैल्शियम (मि०ग्रा०)	34.0	11.0
आयरन (मि०ग्रा०)	2.6	0.4
फास्फोरस (मि०ग्रा०)	61	47

उपरोक्त तुलनात्मक अध्ययन से ये निष्कर्ष निकलता है कि लाल मिर्च में विटामिन सी का अधिक प्रतिशत नही होता है और उसमे पोषक तत्व भी हरे मिर्च से कम होते है। अर्थात खाने में हमेशा हरी मिर्च का उपयोग करना चाहिये।

मिर्च में विभिन्न प्रकार के वर्णक होते है जैसे – कैरीटीनॉयड (36%), वीटा कैरोटीन(10%), वायोलाजेन्थिन (10%), किप्टोकैप्सिन (6%)। मिर्च का लाल रंग कैप्साजेन्थिन व कैप्सोरूबिन तथा पीला रंग कैरोटीन और वायोलाजेन्थिन के कारण होता है।

खनिज लवण –

मर्च, विटामिन व खनिज लवणों से भरपूर स्त्रोत है इसमें विटामिन–सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो जुकाम, घावो का भरने व खून के थक्को को साफ करने में मदद करता है इसमे विटामिन–ए भी पाया जाता है इस विटामिन से त्वचा व आंखे साफ होती है।

मिर्च का रासायनिक संगठन –

यह एल्केलायड कैप्साइसिन के कारण मिर्च में तीखापन होता है। कैप्साइसिन कुल कैप्साइसिनाइंड का लगभग 69% होता है। कैप्साइसिन का रासायनिक सूत्र $C_{18}H_{27}NO_3$ है इसका आई०यू०पी०ए0सी० नाम एन–3, मिथॉक्सी 4, हाइड्रॉक्सिल बेन्जाइल, 8 मिथाइल नॉन–ट्रॅन्स 5– इनामाइड है। इसका अणुभार 305.46, गलनांक 65°C व क्वथनांक 81°C होता है। मिर्च के पेरीकार्प में 0.17: से 0.58:ए आन्तरिक भित्ति में 6.6: से 7.7: और बीज में 0. 024: कैप्साइसिन पाया जाता है। मिर्च के कैप्साइसिनाइड़ में कई अन्य घटक भी होते है जैसे–

1. डाई हाइड्रोकैप्साइसिन (22:)
2. नॉर हाइड्रोकैप्साइसिन (7:)
3. मोनो हाइड्रोकैप्साइसिन (7:)
4. होमो कैप्साइसिन (1:)

स्कोलविल हीट यूनिट (एस०एच०यू०) –

किसी भी मिर्च का तीखापन एस०एच०यू० के द्वारा ज्ञात किया जाता है। कैप्साइसिन की मात्रा भौगोलिक परिस्थितियों और

प्रजातियो के अनुसार बदलती है। नागा जोलोकिया को विश्व में सबसे तीखी मिर्च कहा है। इसमें कैप्साइसिन की मात्रा दस लाख एस०एच०यू० होती है इसको भूत जालोकिया के नाम से भी जाना जाता है।

एक प्रजाति लाल सबीना हाबानीरो में 5,50,000 एस०एच०यू० कैप्साइसिन होता है। इसके फल पहले हरे रंग के होते है और फिर नारंगी रंग के हो जाते है। इसकी भित्ति में सर्वाधिक कैप्साइसिन पाया जाता है चूंकि बीज भी उसी के साथ जुड़े रहते है इसलिये इसके बीज भी तीखे हो जाते है।

हाई प्रेशर लिक्विड क्रोमेटोग्राफी (एच0 पी0 एल0 सी0)–

कैप्साइसिन की तीव्रता को एच०पी०एल०सी० विधि के द्वारा ज्ञात किया जाता है इस विधि में मिर्च को सुखाकर उसका पहले पाउडर बना लेते है। फिर उसके सार को निकाल कर एच०पी०एल०सी० में इंजेक्शन दिया जाता है।

इस विधि के द्वारा केवल तीव्रता ही नही अपूर्ति उसके घटक व उनकी मात्रा को भी ज्ञात किया जा सकता है। तीखेपन के आधार पर मिर्च को निम्नलिखित रूप से वर्गीकृत किया जाता है–

एस०एच०यू०	मिर्च प्रजातिया
0–100 एस०एच०यू०	मीठी मिर्च या शिमला मिर्च
500–1000 एस०एच०यू०	न्यू मैक्सिकन चिली
1000–1500 एस०एच०यू०	इस्पानोला मिर्च
1000–2000 एस०एच०यू०	एन्को और पासिला मिर्च
1000–2500 एस०एच०यू०	कास्केबिल और चेरी मिर्च
2500–5000 एस०एच०यू०	जलपीनो मिर्च
5000–30000 एस०एच०यू०	सीरैनो मिर्च
15000–30000 एस०एच०यू०	डी आरबोस मिर्च
30000–50000 एस०एच०यू०	साइने और टाबास्को मिर्च
50000–100000 एस०एच०यू०	चिलीप्टिन मिर्च
100000–350000 एस०एच०यू०	स्कोच बोनेट थार्ड मिर्च
200000–300000 एस०एच०यू०	हाबानीरो मिर्च
1000000–3000000 एस०एच०यू०	नागा जालोकिया (भूत जालोकिया)
160000000 एस०एच०यू०	शुद्ध कैप्साइन

चित्र न0–8
भूत जालोकिया **(पौधा)**

चित्र न0–9
तीखी मिर्च (भूत जालोकिया)



चित्र न0–10
भूत जालोकिया **की विभिन्न प्रजातियां**

चित्र न0–11
मीठी मिर्च (शिमला मिर्च)

अनुप्रयोग –

- जो मिर्च में कैप्साइसिन पाई जाती है उसका उपयोग आयुर्वेदिक व होम्योपैथिक दवा बनाने में किया जाता है।
- जब कोई अनाज का भण्डारण किया जाता है तो इसका उपयोग करते है।
- कैप्सासिन एक एन्टीआक्सीडेन्ट होता है ये लार ग्रंथियो व दिमाग को भी उद्दीपित करता है। और एक होमोन 'एनडार्फिन' का स्त्रवित करना है। ये एक प्राकृतिक दर्द निवारक है।
- कैप्ससिन से गोले भी बनाये जाते है तथा पुलिस द्वारा आक्रमणकारियों को भगाने में इसका भरपूर उपयोग होता है।
- आज कल कैप्सासिन का उपयोग दॉतो का मंचन बनाने में किया जाता है। इस पेस्ट को करने से दॉतो में कभी बीमारी नही होती है।
- अगर मुंह में छाले हो जाते है तो कैप्सासिन की सही मात्रा लेने से छाले ठीक हो जाते है।

चित्र न0–12 सूखी लाल मिर्च

चित्र न0–13 पिसी लाल मिर्च

चित्र न0–14 बाजार मे बिकने हेतु उत्पाद

निष्कर्ष –

मिर्च में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। शिमला मिर्च को, जिसमे अधिक चरपराहट नही होती है उसे सब्जी या सलाद के रूप में उपयोग करते है। लाल, हरी, बैंगनी, नारंगी, पीली तरह–तरह की मिर्च बाजार में उपलब्ध होती है। इन्हे सब्जी या सलाद के अलावा लोग अपने घर में शोभाकरी पौधों के रूप में उपयोग करते है। मिर्च में एक रंजक ओलियोरेजिन पाया जाता है इसलिये इसको खाद्य रंजक के रूप में उपयोग करते है। आधुनिक भविष्य का मानना है कि मिर्च के पाया जाने वाला कैप्साइसिन कई बिमारियों में एक कारगार औषधि के रूप में विकसित हो सकता है।

कृषि तकनीकी

Peer Reviewed

जैविक खेती का आधारः वेस्ट डीकम्पोजर

❑ डॉ. रणधीर नायक, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह एवं प्रो. डी.के. सिंह

जैविक खेती में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों तथा खरपतवारनाशियों के स्थान पर जीवांश खाद, पोशक तत्वों, जैव नाशियों आदि का उपयोग किया जाता है जिससे न केवल भूमि की उर्वरा शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है बल्कि पर्यावरण भी प्रदूशित नहीं होता तथा कृशि लागत घटने व उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ने से कृशक को अधिक लाभ मिलता है। यह देखने में आया है कि रासायनिक स्रोतो का प्रयोग अंधाधुंध होने से पर्यावरण प्रदूशित तथा भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास् होने लगा जो आज तक निरंतर जारी है। जो मानव स्वास्थ्य के साथ–साथ सभी जीवों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। कृशि में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों तथा खरपतवारनाशियों व रोगनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से भूमि की विशाक्तता बढ़ गई जिससे बहुत से लाभदायक जीवाणु मर गए तथा भूमि अनउपजाऊ होती गई, अब वह समय दूर नही है कि अगर कृशि रसायनों पर पाबन्दी नही लगाई गई तो सम्पूर्ण भूमि बंजर हो जाएगी। भूमि की उर्वरा शक्ति की कमी के कारण किसान उत्पादन बढाने के लिए महंगे रसायनो का प्रयोग कर रहे हैं। जिससे मानव व पशुओं के स्वास्थ्य पर दूशित पदार्थो के सेवन के कारण भारी प्रभाव पड़ रहा है। इन समस्याओं से निजात पाने का तरीका जैविक खेती है जो भूमि स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य तथा मानव स्वास्थ्य को सुधारता है, बिना पर्यावरण को नुकसान पहुचाये। कार्बनिक पदार्थो का अपघटन मृदा में विभिन्न प्रकार के सूक्ष्म जीवों द्वारा किया जाता है, मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों की कई प्रजातियॉ मृत जानवरों, जीवों व सड़े–गले पौधों को खाकर जीवित रहते हैं, इनमें से बहुत से सूक्ष्म जीव दिखाई नही देते हैं परन्तु वे मृदा में पोशक तत्वों के चक्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे सूक्ष्म जीव जो मृदा में उपस्थित कार्बनिक पदार्थो का विघटन करने का काम करते हैं उन्हें डीकम्पोजर या अपघटक कहते हैं। वे सूक्ष्मजीवों, मृत पौधों के अवशेश, पशु अपशिश्ट और मृत जानवरों का सेवन करके पोशक तत्व प्राप्त करते हैं, जब ये जीव मर जाते तो इनके अपघटन के द्वारा ग्रहण किए गए पोशक तत्व मृदा में मिल जाते हैं जिन्हें पौधे आसानी से अवशोशित कर लेते हैं। सूक्ष्म जीवों की इन्ही विशेशताओं को ध्यान में रखते हुए राश्ट्रीय जैविक खेती केंद्र, गाजियाबाद–उ.प्र. ने 2015 में वेस्ट डीकम्पोजर या कचरा/अपशिश्ट अपघटक नामक एक उत्पाद तैयार किया है जिसका उपयोग अपशिश्ट कचरे से त्वरित खाद के निर्माण में किया जाता है, यह मृदा स्वास्थ्य सुधार के साथ–साथ पौध संरक्षण का कार्य भी करता है।

➢ वेस्ट डीकम्पोजर क्या है

वेस्ट डीकम्पोजर देशी गाय के गोबर से निकला सूक्ष्म जीवों का संघ है जिसमें सभी प्रकार के कार्बनिक पदार्थों के अपघटक सूक्ष्म जीव सम्मिलित होते है, इसकी 30 ग्राम की बोतल होती है व कीमत 20/–रू प्रति बोतल है जिसे राश्ट्रीय जैविक खेती केंद्र से सीधे या किसी क्षेत्रीय जैविक खेती केंद्र से आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। डीकम्पोजर को भारतीय कृशि अनुसंधान परिशद्, नई दिल्ली द्वारा भी मान्य किया गया है। यह उत्पाद देशी गाय के गोबर से बनाया जाता है। इसमें सूक्ष्म जीवाणु हैं, जो फसल अवशेश, गोबर, जैव कचरे को खाते हैं और तेजी से बढ़ोत्तरी करते हैं जिससे जहां ये डाले जाते हैं वहां कुछ ही दिनों में गोबर और कचरे को सड़ाकर खाद बना देते हैं। अपघटक को जब जमीन मे डालते हैं तो यह मिटटी मे मौजूद हानिकारक, बीमारी फैलाने वाले कीटाणुओं की संख्या को नियंत्रित करता हैं।

➢ वेस्ट डीकम्पोजर की विशेषताएं

- हर मौसम में प्रत्येक फसल हेतु उपयोगी
- लम्बी जीवन अवधि 3 वर्ष
- बहुत सस्ता
- बनाने में सरल
- अति विश्वसनीय
- सभी फसलों हेतु बहुत प्रभावी

➢ डीकम्पोजर संवर्धन घोल कैसे तैयार करें

डीकम्पोजर घोल बनाने की विधि बहुत सरल है जिसको किसान अपने खेत पर आसानी से तैयार कर सकता है जो की बहुत कम लागत में तैयार हो जाता है बनाने की विधि निम्न प्रकार से है–

डीकम्पोजर घोल तैयार करने के लिए सबसे पहले हम 2 किलो गुड. लेकर 200 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक के ड्रम में पानी के साथ अच्छी तरह मिलाते हैं तथा मिलाने के बाद पूरा पानी से भर देते हैं, ध्यान रखने वाली बात यह है की इसे छायादार स्थान पर ही रखते हैं।

वेस्ट डीकम्पोजर की 1 बोतल लें जो की 30 ग्राम की होती है, उसको हम पानी में जिसमें गुड़ मिला हुआ रहता है, में अच्छी तरह मिलाते है। प्लास्टिक ड्रम में डीकम्पोजर डालते हुए यह सुनिश्चित कर लें की बोतल की सारी सामग्री इस गुड़ मिले हुए पानी में मिल जाये।

प्लास्टिक ड्रम में वेस्ट डीकम्पोजर के समान वितरण के लिए लकड़ी की छड़ी से अच्छी तरह से हिलाते हैं जिससे ये पानी में मिल जाये।

इस प्लास्टिक ड्रम को एक गत्ते या मोटे कागज से ढक देते हैं और इसे हर दिन एक या दो बार हिलाते हैं जिससे यह अच्छी तरह से तैयार हो सके, 5 दिनों के बाद यह वेस्ट डीकम्पोजर का घोल उपयोग के लिए तैयार हो जाता है।

सह–प्राध्यापक/वि.व.वि. (मृदा विज्ञान), सह–प्राध्यापक/वि.व.वि. (फसल सुरक्षा) एवं प्रभारी अधिकारी
कृषि विज्ञान केन्द्र, कोटवा, आजमगढ़– 276207
ई–मेलः randhirnayak05@gmail.com, rudrapsingh.doe@gmail.com

उपरोक्त घोल से किसान बार–बार वेस्ट डीकम्पोजर घोल तैयार कर सकते हैं, इसके लिए 20 लीटर वेस्ट डीकम्पोजर घोल में 2 किलोग्राम गुड़ मिलाते हैं और 180 लीटर पानी मिलाया जाता है, इस प्रकार किसान 3 वर्शों तक इस वेस्ट डीकम्पोजर से लगातार घोल को तैयार कर उपयोग में ले सकते हैं।

➢ वेस्ट डीकम्पोजर खेत में कैसे उपयोग करें

किसान वेस्ट डीकम्पोजर घोल का 200 लीटर प्रति एकड़ के दर से सिंचाई जल के साथ उपयोग कर सकते है या इसे बीजोपचार व पर्णीय छिडकाव द्वारा भी उपयोग मे लेकर किसान अधिक लाभ कमा सकते हैं, वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग त्वरित कम्पोस्ट खाद बनाने में भी किया जा सकता है।

➢ कम्पोस्ट खाद बनाने में

वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग कम्पोस्ट खाद बनाने मे किया जाता है जिसकी विधि निम्न प्रकार है।

सबसे पहले छाया में एक प्लास्टिक की चादर बिछाते हैं तथा उस पर 1 टन फसल अपशिश्ट फैला देते है, अब इन फसल अपशिश्ट पर पानी का छिडकाव करते हैं और तैयार वेस्ट डीकम्पोजर घोल की 20 लीटर मात्रा का छिड़काव करते हैं।

इस परत के ऊपर फसल अपशिश्ट की एक और परत फैलाते हैं फिर से इस खाद की परत के ऊपर 20 लीटर वेस्ट डीकम्पोजर घोल का अच्छी तरह छिड़काव करते हैं, इस प्रकार तैयार 200 लीटर वेस्ट डीकम्पोजर को अपशिश्टों की 10 परतों के लिए काम में लेते हैं, खाद बनाने की इस पूरी प्रक्रिया के दौरान व जब तक खाद बन ना जाये इसमें 60 प्रतिशत नमी बनाए रखते हैं तथा इसे प्रत्येक 15 दिनों के अन्तराल पर पलटते रहते हैं व 60–65 दिनों में खाद उपयोग के लिए तैयार हो जाती है।

➢ पर्णीय छिड़काव के रूप में

वेस्ट डीकम्पोजर के तैयार घोल को फसलों में पर्णीय छिड़काव (1:4, 1 लीटर डीकम्पोजर तथा 4 लीटर पानी) के रूप में भी काम ले सकते हैं, इस घोल को 10 दिन के अन्तराल पर एक फसल में 4 छिड़काव कर सकते हैं जो कई प्रकार की बीमारियों से पौधों की सुरक्षा करता है।

➢ सिंचाई जल के साथ

सिंचाई जल के साथ मिलाकर भी दिया जाता है। बूंद–बूंद सिंचाई पद्धति में 200 लीटर घोल प्रति एकड़ प्रयोग में लाया जाता है।

➢ फसल अव ोश की स्थानीय कम्पोस्टिंग

फसल की कटाई के बाद खेत में बचे डंठल व अन्य अवशेशों पर इस घोल का छिड़काव कर सकते हैं जिससे वे जल्दी सड़ जाते हैं।

➢ बीज उपचार में

इस घोल द्वारा बीजोपचार कर फसलों को कई प्रकार की बीज जनित बीमारियों से बचाया जा सकता है जिसकी विधि निम्न प्रकार है।

सबसे पहले अपने हाथों में दस्ताने पहनें क्योंकि यह सूक्ष्म जीवों का घोल है, हाथों में बदबू पैदा कर सकता है व हानिकारक भी हो सकता है। अब 1 बोतल की सामग्री को अच्छी तरह से 30 ग्राम गुड़ व 1 लीटर पानी के साथ अच्छी तरह मिला लेते हैं इस तैयार घोल से लगभग 20 किलो बीज का उपचार किया जा सकता है।

उपचारित बीज को आधे घंटे के लिए छाया में सुखा देते हैं इस प्रकार तैयार बीज को बुवाई के लिए काम में लेते हैं।

➢ वेस्ट डीकम्पोजर के लाभ

आज के दौर में जहां जैविक कृशि का क्षेत्रफल बढ़ा है और इसमें जीवांश्मो को सड़ाने गलाने में समस्याएं होती हैं वहां पर यह बहुत कारगार साबित हुआ है इसके अलावा वेस्ट डीकम्पोजर उपयोग करने के कई फायदे हैं उनमें से कुछ का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है–

वेस्ट डीकम्पोजर से बीजोपचार करके 98 प्रतिशत जल्दी और समान अंकुरण होता है और उगने से पहले रोग व बीमारियों से भी बीजों को सुरक्षा प्रदान करता है। वेस्ट डीकम्पोजर घोल का सिंचाई जल के साथ उपयोग करने से सिर्फ 21 दिन के भीतर ही सभी प्रकार की अम्लीय और क्षारीय मिट्टी के जैविक और भौतिक गुणों को परिवर्तित कर सुधार हो जाता है यह सिर्फ छह महीने में ही एक एकड़ भूमि में 4 लाख तक केंचुओं की आबादी उत्पन्न करने में मदद करता है।

यह 60–65 दिनों में कृशि अपशिश्ट, पशु अपशिश्ट, रसोई अपशिश्ट, शहर के अपशिश्ट जैसे सभी जैव अपघटन योग्य सामाग्री को अपघटित कर अच्छी खाद का निर्माण कर देता है, परम्परागत विधियों से तुलना करे तो यह खाद बनाने की अब तक की सबसे तीव्र विधि है जो जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु सबसे महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकती है।

वेस्ट डीकम्पोजर को पर्णीय छिड़काव के रूप में भी उपयोग लिया जा सकता है जो विभिन्न फसलों में विभिन्न प्रकार की जीवाणु, फफूंद और विशाणु जनित बीमारियों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करता है ।

किसान रासायनिक खाद और कीटनाशकों का उपयोग किए बिना वेस्ट डीकम्पोजर के उपयोग से जैविक खेती कर सकते हैं। यदि किसान खेत में वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग करता हैं तो उर्वरकों द्वारा नाइट्रोजन, फास्फोरस या पोटाश देने की कोई आवश्यकता नहीं होती है।

वेस्ट डीकम्पोजर के उपयोग से सभी प्रकार के रसायनों, कवकनाशी और कीटनाशकों के 90 प्रतिशत उपयोग को कम करता है क्योकि यह दोनों जड़ जनित बीमारियों और शाखाओं के रोगों को नियंत्रित करता है।

इस प्रकार हम यह निश्कर्श निकाल सकते हैं कि वेस्ट डीकंपोजर एक जैविक हथियार है जो फसलों की कीट व बीमारियों से सुरक्षा करेगा तथा हर प्रकार से पोशण प्रदान करेगा, इससे किसानों का रसायनों पर होने वाला खर्च कम होगा व आमदनी बढ़ेगी और साथ ही उत्पाद की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

➢ मात्र 21 दिन में क्षारीय मिट्टी को सुधारता है वेस्ट डीकम्पोजर

कृशि के क्षेत्र में देश बहुत आगे बढ़ रहा है, हर रोज नये नये डेवलपमेंट हो रहे है, परन्तु खेती तो मृदा में ही होती है, देश के किसानों ने अंधाधुंध कीटनाशकों और उर्वरकों का इस्तेमाल करके खेत की मिट्टी को खराब कर दिया है, जिसकी वजह से फसल के

उत्पादन में कमी भी आयी है। यदि खेत की मिट्टी स्वस्थ होगी तो ही पैदावार अच्छी होगी, किसान आजकल क्षारीय और अम्लीय मृदा की समस्या से जूझ रहे हैं ऐसे किसानों के लिए वेस्ट डीकम्पोजर किसी वरदान से कम नहीं है इस उत्पाद के इस्तेमाल से किसान अब क्षारीय और अम्लता से प्रभावित हुए बिना बेहतर उपाय प्राप्त कर सकेंगे, वह भी एक माह से कम समय के भीतर इसमें बहुत ही आसानी से सुधार किया जा सकता है। राश्ट्रीय जैविक केन्द्र, गाजियाबाद के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार वेस्ट डीकम्पोजर किसानों के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। इसका उपयोग करके किसान 21 दिन के भीतर क्षारीय और अम्लीय मृदा में सुधार देख सकेंगे। वेस्ट डीकम्पोजर का उपयोग 1000 लीटर प्रति एकड. की दर से किया जाता है, जिससे सभी प्रकार की क्षारीय व अम्लीय मिट्टी के रासायनिक और भौतिक गुणों में इस प्रकार के अनुप्रयोग के 21 दिन के भीतर सुधार आने लगता है। इससे 6 माह के भीतर एक एकड़ भूमि में 4 लाख से अधिक केंचुए पैदा हो जाते हैं। केंद्र ने इस तरह वेस्ट डीकम्पोजर की 30 मिलीलीटर शीशी की कीमत 20 रु रखी है, घरेलू कचरे से बेहतर जैविक खाद भी तैयार कर सकते हैं। इस तरह की तकनीकी को प्राइवेट कम्पनी को बेच दिया जाता था जिससे की किसानों तक वह तकनीकी सही से नहीं पहुँचती थी इसलिए सरकार ने स्वतः ही वेस्ट डीकम्पोजर को प्रमोट करने का लक्ष्य रखा था ताकि किसानों को इसका फायदा मिल सके।

- **वेस्ट डीकम्पोजर यहॉ से खरीदे**

उत्तर प्रदेश ,उत्तराखण्ड, दिल्ली एवं राजस्थान में सहायक निदेशक, क्षेत्रीय जैविक खेती केन्द्र सेक्टर 19, कमला नेहरु नगर, हापुड. रोड, गाजियाबाद उ.प्र. पिन– 201002

फोन नं.– 0120–2764906

जगपत सिंह– 09990068268 – रिटेलर गाजियाबाद

जनपद स्तर पर वेस्ट डीकम्पोजर प्राप्त करने हेतु सम्पर्क सूत्र–

- राष्ट्रीय जैविक खेती केन्द्र, गाजियाबाद ने इसके कम्पनी से विक्रय हेतु समझौता किया है। जिसके तहत ब्लाक स्तर पर जहां–2 भी इसके एजेंसियां है वहाँ से वेस्ट डीकम्पोजर प्राप्त किया जा सकता है।
- जनपदों के कृशि विभाग ने इण्टरमीडिएट या बी.एस.सी. कृशि के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार देने के उद्देश्य से हर विकास खण्ड में दो–दो वन स्टाप कम एग्रीजंक्शन नाम से दुकानें खुलवा रही हैं, इन दुकानो पर भी वेस्ट डीकम्पोजर विक्रय किया जा रहा है।

निष्कर्श–

वेस्ट डीकम्पोजर जैविक खेती कर रहे किसानों के लिए जैविक खाद का बेहतर विकल्प है, कम खर्च में किसान इसकी मदद से स्वयं खाद बना सकता है। परीक्षण परिणाम बताते हैं कि इसके उपयोग से बीज का एक समान अंकुरण होता है, इसके उपयोग के बाद किसान को फसल में रासायनिक कीटनाशक और उर्वरक देने की जरुरत नहीं रहती है। खास बात यह है कि जड़ और तना संबंधी बीमारियों के नियंत्रण में भी उपयोगी पाया गया है।

भोजपुरी कविता

पेड़वा लगइबऽ तऽ बरसी पानी

❑ **कृष्णानन्द राय**

अब पुरखा पुरनिया कऽ बात सभ मानी।
पेड़वा लगइबऽ तऽ बरसी पानी।।

इ कइसन विकास, बड़का पेड़वा कटाइल।
इ कइसन पढ़ाई ज्ञान कहंवा पराइल।।

पेड़ बिना कइसे जिहन दुनिया कऽ परानी।
पेड़वा लगइब तऽ बरसी पानी।।

पेड़ जहाँ बाटे ओजहा आवेले बदरिया।
पेड़वा पर बदरी कऽ रहेला नजरिया।।

पेड़वे से सांस मिली, बचल रही जिन्दगानी।
पेड़वा लगइब तऽ बरसी पानी।।

पेड़ छाया फल देला जानेला जहनवा।
पेड़ से हरियाली बा, पेड़ धरती कऽ गहनवा।।

कृष्णानन्द तापमान बढ़ला से होला परेशानी।
पेड़वा लगइबऽ तऽ बरसी पानी।।

भोजपुरी कवि/गंगा सेवक
मो0– 9415861260, 6394000479

व्यवसायिक कृषि

Peer Reviewed

पपीते की बागवानी

❑ डॉ. आर.एस. सेंगर एवं श्री कृशानु

पपीता एक ही वर्ष में तैयार होने वाला उपयोगी तथा पौष्टिक गुणों से भरपूर फल है। इसमें अधिक क्षमता तथा बाजार की अधिक मांग होने के कारण हमारे देश में इसका उत्पादन तेजी से बढ रहा है वैसे तो पपीता गर्म जलवायु की खेती है, परन्तु कृषि क्रियाओं में परिवर्तन कर इसे अन्य क्षेत्रों में भी उगाया जा सकता है। भारत में मुख्यतः पपीता महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्यवसायिक रूप से उगाया जाता है।

भूमि तथा जलवायु

सामान्यतः पपीता पानी न रूकने वाली रेतीली दोमट तथा दोमट भूमि में उगाया जाता है। (पी0एच0) मान 7 से 8.5 तक उपयुक्त रहता है। अम्लीय भूमि व करीली भूमि, जिसमें पानी रूकता है। पपीता व्यवसायिक रूप से लगाने की सलाह नही दी जाती है। समुद्र सतह से 4000 फुट की ऊंचाई तक अथवा पहाड़ी घाटियों में इसकी खेती की जा सकती है। तापमान 5 डिग्री सेन्टीग्रेड़ से कम होने की तथा अधिक पाले की स्थिति में इसके फल खराब तथा नर्म होकर गिर सकते है तथा उनका विकास ठीक नही होता। अतः यह स्थान व्यवसायिक खेती के लिए उपयुक्त माने जाते है।

प्रजातियां

पपीता एक अत्यधिक क्रास पोलिनेटेड़ फसल होने के कारण इसमें शुद्ध प्रजातियां अधिक समय तक स्थिर नहीं रह पाती अतः विश्वसनीय केन्द्रों से ही बीज प्राप्त करना चाहिए।

पूसा की किस्में:

1. पूसा ड़ेलिसस

यह फलों की उपज और गुणों के हिसाब से उत्तर भारत की सबसे अच्छी किस्म है। यह गाईनोड़ायोसियस किस्म है। जो शत –प्रतिशत फल देता है। यह एक अच्छा स्वाद, सुगन्ध और गहरे नारंगी रंग का फल देने वाली किस्म है।

2. पूसा मैजेस्टी

इसके फल पकने के बाद अधिक दिनों तक ठहरते हैं। यह भी गाइनोड़ायोसियस और अधिक पपेन देने वाली किस्म है। यह सूत्रकृमि प्रतिरोधी किस्म का पपीता है।

3. पूसा जायन्ट

यह काफी बड़े आकार के फल देने वाली किस्म है। यह तेज हवा और आंधी को अच्छी तरह बर्दाश्त कर लेता है। अतः तेज आंधी वाले क्षेत्रों के लिए यह काफी अच्छी किस्म है।

4. पूसा ड़वार्फ

इस किस्म के पौधे बौने एवं फल का उत्पादन उधिक होता है। फल मध्यम आकार के अंड़ाकार होते है। उत्तर भारत में इसकी व्यवसायिक खेती की अच्छी सम्भावनायें है। पर इसमें आधे नर तथा आधे मादा पौधे आते है।

5. पूसा नन्हा

यह बौनी प्रजाति वाला पौधा है। जो गृह वाटिका और गमलों में लगाने तथा सघन बागवानी के लिए उत्तम होता है।

उत्तरांचल की किस्में

1. फार्म सेलेक्शन

चडढा सीड़ फार्म (नैनीताल, उत्तरांचल) द्वारा विकसित यह प्रजाति 80 से 100 किलो प्रति पौधे तक सर्वाधिक उपज देने की क्षमता देने वाली तथा बौनी जाति की है। इस प्रजाति के फल थोड़े लम्बे 2–4 किग्रा के होते है तथा फलत एक समान होती है। एक फूलड़ण्ड़ी पर एक ही फल आता है। जिसके कारण फलों की छंटाई की आवश्यकता नही होती।

- **कोयम्बटूर की किस्में :**

ता0 कृ0 वि0 वि0 कोयम्बटूर से निकली निम्नलिखित किस्में है।

1. सी0 ओ0 1

यह छोटे आकार का पौधा है। जिसमें पहला फल जमीन से करीब 6 सेमी0 की ऊंचाई पर लगता है।

2. सी0 ओ0 2

यह माध्यम आकार की लम्बी और अधिक पपेन देने वाली किस्म है।

3. सी0 ओ0 3

यह गाइनोड़ायोसियस प्रजाति का लम्बा विशाल पेड़ है। फल मध्यम आकार के बहुत मीठे और लाल रंग के होते है।

4. सी0 ओ0 4

यह गाइनोड़ायोसियस किस्म का लम्बा पेड़, फल का गूदा भी चित्तीदार बैंगनी और मोटा होता है। यह अपने फलों और सुन्दरता के कारण गृहवाटिका में लगाने के लिए उत्तम है।

कृषि जैव प्रौद्योगिक विभाग, स0व0प0 कृषि एवं प्रौ0 वि0वि0 मेरठ–250110
ई–मेल: sengarbiotech7@gmail.com

• **बंगलौर की किस्में :**

1. कुर्ग हनी

यह भारतीय बागवानी अनुसंधान केन्द्र, चेथाली स्टेशन से हनीड़यू किस्म से चयन द्वारा निकली गई है। यह गाईनोड़ायोसियस प्रजाति का पौधा है।

बीज की मात्रा एवं उपचार

सामान्यतः एक हेक्टेयर के लिए 500 ग्राम बीज की आवश्यकता होती है (200 ग्राम प्रति एकड़) बीज बोने से पहले एक लीटर पानी में 03 ग्राम बावस्टिन अथवा एमासान (पारायुक्त फफूंदीनाशक) का घोल बनाकर उससें 05 मिनट तक बीज को उपचारित करें।

बीज बुवाई का समय

भारत वर्ष के विभिन्न प्रान्तों में पपीते का बीज बोने का समय अलग–अलग होता है। सामान्यतः व्यवसायिक दृष्टि से उत्तरी भारत में जुलाई, मध्य भारत में अगस्त तथा गुजरात और महाराष्ट्र में फरवरी तक पपीते के बीज की बुआई करनी चाहिए। भावरी क्षेत्र में 10 जुलाई से 10 अगस्त का समय सर्वोत्तम है। बीज का जमाव भूमि का तापमान 30–35 डिग्री सेन्टीग्रेड़ तक होने पर ही होता है। अतः पोली हाऊस में जमाव अच्छा रहता है।

बीज बुवाई का तरीका

05 ′ 01 मीटर लम्बी चौड़ी तथा 06 इंच उठी क्यारियां बनाकर उसमें 15 किलो सड़ी गोबर की खाद 500 ग्राम एन0 पी0 के0 15:15:15 तथा 100 ग्राम फालीड़ाल या 40 ग्राम फ्युराड़ान (दानेदार) बुआई से 20 दिन पहले ड़ालकर मिला लें, बोने से पहले क्यारी को भुरभुरी बना लें। अब 2′11′2 इंच की दूरी पर बीज बोंयें। आधी सूखी हुई पत्तियों का चूरा और आधी मिट्टी मिलाकर एवं छानकर बीज के ऊपर की नाली को भर दें। बुआई करने के बाद क्यारी अखबार के कागज से अथवा सूखे फूस इत्यादि से ढक दें, और नियमित रूप से समय–समय पर फव्वारे से हल्का पानी देते रहें ताकि ऊपरी सतह पर हमेशा नमी बनी रहे। 15 से 20 दिन बाद जब बीज अंकुरित होने लगे तब फूस इत्यादि हटा दे और हजारे से पानी देते रहे। जब पौधों में 5–7 बाद दो–दो पत्ते आने लगें, उस समय नर्सरी के पौधों को पोलीथीन के थैलियों से प्रतिरोपित करना चाहिए।

नर्सरी में पौधों का उपचार

उमस तथा हवा में अधिक नमी होने के कारण पौध गलन का रोग आ सकता है। तेज बारिश के पश्चात् हवाबन्द होने पर गर्मी के कारण तना गलन तीव्रता से होता है। अतः पौधों के ऊपर 50 प्रतिशत एग्रो शेड़नेट अथवा बांस फूस का छप्पर रखना चाहिए। 0.1 प्रतिशत कापर आक्सीक्लोराइड़ अथवा कार्बनड़ाजिम का स्प्रे नर्सरी में दो बार उक्त परिस्थितियों में कर लेना चाहिए।

थैली भराव

4′6 की पोलीथीन की थैलियों में तली की तरफ चार छेद कर लें इन थैलियों में एक हिस्सा बलोई मिट्टी, एक हिस्सा गोबर की खाद तथा एक हिस्सा सुखे पत्तो का चूरा मिलाकर छानकर भरें। शाम का समय नर्सरी में पानी डालकर पौधों को सावधानी से उखाड़ कर इन थैलियों में प्रतिरोपित करें। नर्सरी थैलियां 3 से 5 दिन तक छाया में रखें तत्पश्चात् इन्हे खुली धूप में ही रखना चाहिए अन्यथा नर्सरी में पौधे पतले होने लगेंगे। ध्यान रहे कि रोज शाम को नियमित हजारे से पानी देते रहें। यदि थैली में पौधे प्रतिरोपित न करना चॉहे तो खुले में गोबर खाद मिली हुई क्यारियों में 15′15 सेमी की दूरी पर प्रतिरोपित किया जाना चाहिए और हल्का पानी देते रहना चाहिए। 25 से 30 दिन में जब पौधे 3 से 5 इंच के हो जाएं तो इन्हे खेत में रोपित कर दिया जाना चाहिए।

खेत की तैयारी

खेत की तैयारी में सामान्यतः दो विधि अपनाई जाती है। प्रथम विधि में लाइन से लाइन 10 फीट की दूरी रखते हुए एक–एक मीटर दूरी पर सवा फिट लम्बे, सवा फिट गहरे गड़ढे बना लेते है। गड़ढे के मिश्रण के रूप में 8 से 10 किलो सड़ी गोबर की खाद 800 ग्राम नीम खली, 100 ग्राम एन0पी0के0 12:32:16 तथा 25 ग्राम फ्यूड़ारान गड़ढे से से निकाली गई मिटटी में अच्छी तरह मिलाकर भर देते है तथा पानी दे देते हैं। 4 से 5 दिन पश्चात् इस गड़ढे में पंक्ति का ध्यान रखते हुए पौधा रोपण कर देना चाहिए। खेत में लगाने से पहले थैली को सावधानी से फाड़ या उतार लेना चाहिए।

द्वितीय विधि :

व्यवसायिक रूप से बड़े खेतों में पपीता लगाने हेतु नाली विधि अपनायी जाती है। इसमें 10 फीट की दूरी पर समानान्तर नालियां खुदाई कर लेते हैं। नाली की गहराई सवा फीट तथा चौड़ाई भी सवा फीट रखी जाती है। नाली खुदाई का काम फावड़े से अथवा ट्रेक्टर के पीछे प्लाव या नाली खोदने वाला यंत्र लगाकर कर सकते हैं। इस नाली में आधा टन गोबर का खाद 10 किलो नीम खली तथा 5 किलो एन0पी0के0 के एवं आधा किलो फ्यूराड़ान मिलाकर सम्पूर्ण मिश्रण को नाली में पुनः भर देते है, और पानी लगा देते हैं। इस नाली में 4–5 दिन पश्चात् 3–3 फीट की दूरी पर सीधी लाइन में पौध रोपण कर देना चाहिए।

सिंचाई

पौध रोपण के पश्चात् 5 दिन तक केवल लोटे से पानी देना चाहिए तत्पश्चात बाद में हल्की सिंचाई कर देनी चाहिए। पौधों से 6 इंच की दूरी पर पानी की नाली बनाकर केवल नाली में पानी चला देने से पौधे को नमी प्राप्त हो जाती है जो अधिक उपयुक्त है। जाड़ों में 15 से 20 दिन के अन्तर पर तथा गर्मियों में 8 से 10 दिन के अन्तर पर सिंचाई करते है।

पानी को सीधा तने के सम्पर्क में न आने दें (चारों ओर मिट्टी चढ़ाकर रखें) और उचित जल निकास का प्रबन्ध अवश्य करें। सिंचाई के बाद निराई–गुड़ाई करें इससें मिट्टी कड़ी नही हो पाती और खेत में हवा का संचार भी अच्छा बना रहता है।

पौध रोपण का समय

15 अगस्त से 15 अक्टूबर तक उत्तर भारत में तथा दिसम्बर–जनवरी तक दक्षिण भारत में पपीता लगाने का उचित समय है। उत्तरी भारत के लिए सितम्बर माह सर्वोत्तम है।

पाले से बचाव

पपीते के छोटे पौधों को पाले से बचाने के लिए पेड़ के चारों ओर दो–दो फीट की 3 लकडिया (कुरी, अरहर, बांस की पतली ड़ण्ड़ियां) गाड़ कर पराल के मुठ्ठे से ऊपर बांधते हुए रख देना चाहिए। ध्यान रहे कि चारों ओर बहुत अधिक पराल न लगायें अन्यथा धूप न मिलने की अवस्था में भी पौधा मर सकता है।

पौधों की देखरेख एवं नर पौधों की छंटाई

सर्दियों में दो तीन बार तथा गर्मियों में तीन चार बार पानी देना पर्याप्त होता है। समय–समय पर गुड़ाई करते रहें। अप्रैल–मई में पौधों में फूल आने लगते है।

मादा पेड़ों के फूल मोटे तथा तने के साथ चिपके होते है परन्तु नर पेड़ों के फूल छोटे और पतली लम्बी ड़ंड़ियों के साथ लटके हुए होते है। 5 प्रतिशत नर पेड़ों को छोड़ते हुए जो कि परागण के लिए आवश्यक होते हैं, शेष नर पेड़ों को खेत से निकाल देना चाहिए। कुछ पौधे उभयलिंगी होते हैं अर्थात 1–2 इंच लम्बी ड़ंड़ी बनाते हुए फल बनाने लगते हैं। इन पौधों में लम्बे आकार के उत्तम फल आते हैं। अतः इन्हे उखाड़ना नही चाहिए।

मिटटी चढ़ाना

बरसात से पहले पेड़ के चारों ओर 6 से 8 इंच ऊंची मिट्टी तने के चारों ओर खेत के बीच से लेकर चढ़ा देनी चाहिए। इससे बरसात में पानी सीधा तने के संपर्क में नहीं रहेगा जिससे तना गलन रोग से बचा जा सकता है। मिट्टी चढ़ाने के कारण तेज हवा में भी पौधे नही गिरते हैं।

फलो की तुड़ाई एवं पैकिंग

पौध रोमण के 1 वर्ष पश्चात् फल पकने लगते हैं। नीचे से पकने प्रारम्भ होते हैं। जब फल रंग बदलने लगे और हल्की पीली धारी दिखाई दे अथवा नाखुन लगाने पर गाढ़े दूध के स्थान पर पानी जैसा द्रव्य निकलने लगे तो यह फल तुड़ाई लायक माना जाता है फल को तोड़कर रददी कागज में लपेटकर टोकरों में पैक कर बाजार भेजना चाहिए। इससे फल भी खराब नही होते तथा फल के चारों ओर रंग भी अच्छा आता है।

पैदावार तथा लाभ

पपीते की पैदावार सामान्यतः 30 से 40 टन प्रति हैक्टेअर होती है परन्तु अच्छी खेती करने पर 60 टन प्रति हैक्टेअर तक ली जा सकती है। इस प्रकार यदि बाजार भाव 2 रूपया प्रति किलो भी मिले तो 80000/– रूपये प्रति हैक्टेअर की बिक्री तथा 60000/– प्रति हैक्टेअर का शुद्ध लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

पपीते के साथ मिश्रित खेती

पपीत के साथ छोटी अवस्था में विभिन्न फसलें जैसे मटर, फ्रेंचबीन ग्लोड़लाई, प्याज, मसूर, लहसून इत्यादि लगा सकते हैं तथा इन फसलों के पश्चात ऐसी फसलें लगाई जा सकती है जो कि पपीते की हल्की छाया में भी अच्छी हो जाती है। जैसे अदरक, हल्दी, मिर्च(पन्त सी वन), जिमी कन्द, अरबी इत्यादि ध्यान देना चाहिए कि अन्तः फसलों हेतु अतिरिक्त खाद अवश्य दें।

रोग एव कीट तथा उनका नियंत्रण :

1. विषाणु

विषाणुओं मे मोजैक, लीफकर्ल और ड़िस्टोर्सन रिंग स्पाट पपीते के पौधे को अधिक हानि पहुंचाते हैं। बीमार पौधों की पत्तियां पीली–हरी, चितकबरी और भूरी हो जाती हैं। कुछ पौधों में मौजेक बहुत तीव्रता से दिखाई देता है और पत्तियां सूई के आकार की हो जाती है। ऐसे पौधों को खेत से उखाड़ कर मिटटी में गाड़ देना चाहिए ताकि छोटे कीट इत्यादि मौजेक को पूरे बाग में न फैला पाए। इन छोटे कीटों (एफिड, जैसिड) को मारने के लिए एन्ड़ोसल्फान, मोनोक्रोटोफास का स्प्रे करना चाहिए। द्वितीय वर्ष में मौजेक पौधों में स्वतः कम हो जाता है।

2. जड़ और तना सड़न रोग

इसके आक्रमण से पौधे के जड़ एवं तने का सड़ना शुरू हो जाता है और अन्ततः पूरा पौधा सड़कर गिर जाता है। पपीते के बाग में जल निकास का विशेष ध्यान देना चाहिए। तने पर जैसे ही इस बीमारी के लक्षण दिखाई पड़े, उस स्थान से सड़े भाग को खुरचकर साफ कर लेना चाहिए। जहां सड़न की बीमारी अधिक लगती है। वहां पर 5 ग्राम कॉपर आक्सीक्लोराइड़ 1 लीटर पानी में घोल कर तने के चारों तरफ मिलाकर ड़ालें ताकि दवा तने के साथ–साथ जड़ों में भी पहुंचे। इससे यह उपचार बरसात में 2 से 3 बार करने से गलन के रोग से बचा जा सकता है।

3. ऐन्थेक्नोज

प्रभावित फल पर पीले रंग का धब्बा पड़ जाता है, जो धीरे–धीरे मुलायम होता जाता है और अन्त में भूरे रंग का हो जाता है। तने और शाखाओं में भी, जो भाग अधिक धूप में पड़ते हैं, यह बीमारी लग जाती है। मैंकोजेब या जिनेब का पानी में 0.25 प्रतिशत घोल बनाकर पौधों पर छिड़काव करने से इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है।

4. कली और पुष्पवृत्त का सड़ना

पौधों में यह बीमारी लगने से फूल और फल गिरने लगते हैं। 0.2 से 0.25 मैंकोजेब और जिनेब का छिड़काव शुरू में करना बीमारी को रोकने में सहायता करता है।

5. कीड़े

पपीते को कीड़ों से बहुत कम नुकसान पहुंचता है। फिर भी इनमें कुछ कीड़े लगते हैं। जिनका विवरण नीचे दिया जा रहा है :–

अ. रेड़ स्पाइड़र माइट

यह पपीते की पत्ती और फल पर आक्रमण करता हैं। जिसके कारण नई पत्तियां चिथड़ी नजर आती हैं। इसे घुलनशील गंधक 0.2 प्रतिशत के छिड़काव से रोका जा सकता हैं।

ब. निमैटोड़

रेनीफार्म निमैटोड़ अधिक हानि पहुंचाता है। जिसके कारण पौधा छोटा हो जाता है और उसमें फल कम लगते है। इथिलीन ड़ाईब्रोमाइड़ 3 ग्राम/हेक्टेयर देने से इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है।

पपेन निकलना

कच्चे फलों के दूधिया तरल पदार्थ में पपेन होता है। जिसका उपयोग दवाइयों और व्यापार में किया जाता है। पपीते से पपेन निकलना बहुत आसान है। फल लगने के करीब 2.5 से 3 महीने बाद जब ये मध्यम आकार के हो जाते हैं। पपेन निकाला जाता है। जो बरसात से शुरू होकर मार्च तक चलता है। ठण्ड़े एवं नम वातावरण में पपेन अधिक मात्रा में निकलता है। फलों में सुबह से दोपहर तक सबसे अधिक मात्रा में निकलता है। किसी भी तेज ब्लेड़, चाकू या शीशे के टुकड़े से फल की सतह पर उसके ड़ंठल से लेकर किनारे तक चार गहरे लम्बे निशान बनाते हैं। इसकी गहराई 0.3 सेमी0 से ज्यादा नही होनी चाहिए। इसके लिए ब्लेड़ जो 0.3 सेमी0 ही दस्ते से बाहर हो, सर्वोत्तम हैं। पौधे के नीचे चारों ओर क्षेत्रनुमा पोलीथीन

बिछा देते हैं। इसी में दूध टपक–टपक कर गिरने लगता हैं। आधे घण्टे में पूरा दूध निकल जाता हैं। इसे स्टील के चम्मच से स्टील के बर्तन में इकट्ठा कर लेते हैं। अधिकतम पपेन के लिए यह प्रक्रिया प्रत्येक सात–आठ दिनों के अन्तराल पर तीन–चार बार करनी चाहिए। पपेन निकालते समय हाथ में दस्ताना जरूर पहन लेने चाहिए ताकि हाथों को नुकसान न पहुंचे। प्रशिक्षित आदमी एक दिन में करीब 2 किलो पपेन निकाल लेता है।

पपेन को रखने के लिए एल्यूमिनियम का गिलाव व बड़े आकार का टब सर्वोत्तम होता है। कटे स्थान पर जम गये तरल पदार्थ को भी खुरच कर रख लेना चाहिए। इसे तुरन्त ही धूप में या बिजली के चूल्हे पर 40 ड़िग्री सेन्टीग्रेड़ तापक्रम पर सुखाया जाना चाहिए। इसे कृत्रिम रूप से घर में बनें ईट की भट्ठी में भी सुखाया जा सकता है। यह भट्ठी करीब 1 मीटर चौड़ी, 1 मीटर ऊंची और 2 मीटर लम्बी होती है, जो तली की तरफ से बन्द और एक तरफ से खुली होती है। ऊपरी सतह भी खुली रहती है। ऊपरी सतह से करीब 30 सेमी0 नीचे एक लोहे की चादर रख देते हैं। इसके ऊपर 2.5 से 5 सेमी0 मोटी बालू की तह बिछा देते है। ताकि ताप सभी दिशाओं में बराबर फैल सके। पपेन को सबसे पहले बोरे के ऊपर फैलाकर तब उसे भट्ठी पर रख देते है। धुआं लगने से पपेन खराब हो जाता है। अतः जलावन के रूप में नारियल के छिलके या कोयले को ही इस्तेमाल करते हैं और ताप को 40 ड़िग्री सेन्टीग्रेड़ के नीचे ही नियंत्रित करके रखते है।

सूखने पर यह परतदार या रवादर हो जाता है। जिसे पीसकर पावड़र बना लेते है। सूखने के पहले 0.05 प्रतिशत पोटेशियम मेटाबाई–सल्फाइट परिरक्षक के रूप में ड़ालते हैं। अन्त में इस पावड़र पपेन को वायुरूद्ध बोतल या पोलीथीन बैग में पैक कर लेते हैं। भारत में पपेन की बिक्री हेतु फार्मास्युटिकल एण्ड़ कास्मेटिक प्रमोशन कौंसिल, मुम्बई और एन्जोकेम प्रयोगशाला प्राइवेट लिमिटेड़, येवला, जिला नासिक से संपर्क किया जा सकता हैं। पपेन आयात करने वाले देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी, इंग्लैण्ड़, स्विट्जरलैण्ड़ और जापान आदि प्रमुख हैं। भारत में पपेन निर्यात की अच्छी सम्भावनायें हैं। अतः पपेन उद्योग को विकसित करने के लिए चुने हुए क्षेत्रों में पपीते के बाग लगााकर पपेन, पैंक्टिन और संरक्षित पदार्थ तैयार करने वाली फैक्ट्री लगाकर तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में प्रवेश करके इसकी सम्भावनाओं को और आगे तेजी से बढ़ाया जा सकता हैं।

पपेन सामान्यतः मध्य भारत गुजरात कर्नाटक, महाराष्ट्र इत्यादि ऐसे प्रदेशों में अधिक मात्रा में निकाला जाता हैं। जहां जाड़ो का तापमान 15 ड़िग्री सेन्टीग्रेड़ से कम नही होता है। उत्तरी भारत में पपेन निकालना अधिक लाभप्रद नहीं होता क्योंकि एक तो पपेन कम निकलता है, दूसरा फलों पर निशान लग जाने के कारण इसका बाजार मूल्य कम हो जाता हैं।

पपेन की पैदावार :

पपेन का उत्पादन जलवायु, किस्म तथा कृषि कार्य के अनुसार घटता–बढ़ता हैं। एक फल में 3 से 10 ग्राम तक सूखा पपेन प्राप्त होता है। प्रति पौधा पपेन की पैदावार 200–450 ग्राम तक पाई गई है। इस प्रकार एक पेड़ जिसमें 40–50 फल लगा हो तथा एक हेक्टेअर में पेड़ो की संख्या 2500 हो। 5 कुन्तल पपेन का उत्पादन होता है। पपेन की कीमत 200 रूपये प्रति किलोग्राम से लेकर 300 रूपये प्रति किलोग्राम तक है। इस प्रकार पपेन से 35000/– रूपये प्रति हेक्टेअर की आमदनी हो सकती है। देश के कई राज्यों खासकर महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में पपीते की खेती मुख्यतः पपेन पैदा करने के लिए ही की जाती है।

बीज उत्पादन :

पपीते की व्यवसायिक खेती में शुद्ध बीज की अनुपलब्धता प्रमुख बाधा है। बीजों की अनुवांशिक शुद्धता को बनाये रखना बहुत जरूरी है। शुद्ध बीज या तो नियंत्रित अवस्था में या दो किस्मों के बीच एक खास दूरी (2कि0मी0) रखने पर प्राप्त किया जा सकता है। ऐसा नही करने पर बीजों की अनुवांशिक शुद्धता नष्ट हो जाती है।

नयंत्रित परागण की अवस्था में एक ही पृथक लिंगी किस्म के नर और मादा के बीच सहोदर संगम (सिंपिग) परागण किया जाता है। गाईनोड़ायोसियस किस्म में मादा पौधों को उभयलिंगी पौधों के पराग से परागण करते हैं या उभयलिंगी पौधों में स्वयं परागण करते है। परागण के बाद उसमें पहचान के लिए निशान लगा देते है। फलों के पकने पर बीजों को अलग–अलग निकाल लिया जाता है। बीजों को छाया में ही सुखाया जाता है तथा 8 से 10 प्रतिशत की नमी पर पोलीथीन में पैक कर छाया में स्टोर करना चाहिए।

मासिक कृषि कार्यक्रम

पपीते की खेती एक बार बाग लगा देने पर प्रायः 2 फसल ली जाती है तथा कुल आयु पौने तीन साल की होती हैं। अक्टूबर में पौधे लगा देने पर कृषि कार्यक्रम निम्नलिखित होगा :

पपीते के बाग में वर्षभर किये जाने वाले कार्यक्रमों का मासिक कैलेन्ड़र

प्रथम (रोपण) वर्ष

महीना एवं पखवाड़ा	कार्य
सितम्बर–अक्टूबर	खेत में पौधा लगाना तथा हल्की सिंचाई करना
नवम्बर	सूखे पौधों की जगह नया पौधा लगाना तथा आवष्यकतानुसार पानी देना। पेड़ के चारों तरफ निराई करना।
दिसम्बर	पेड़ के चारों तरफ निराई करना तथा बीच के जगहों में फावड़ें द्वारा गुड़ाई करना।
जनवरी	आवष्यमतानुसार पेड़ के चारों तरफ निराई करना।
फरवरी	बीच की जगहों मे फावड़े द्वारा गुड़ाई करना।
मार्च	खेत में नाली बनाकर पेड़ों में पानी देना।
अप्रैल	आवष्यकतानुसार पानी देना।
मई	लिंग भेद स्पष्ट होने पर नर पौधों को निकालना तथा आवष्यकतानुसार सिंचाई करना।
जून	अतिरिक्त नर पौधों को निकालना तथा पूरे खेत की फावड़े द्वारा गुड़ाई करना।
जुलाई	पेड़ के चारों तरफ 30 सेमी0 की गोलाई में मिट्टी चढ़ाना तथा प्रत्येक गड्ढ़े पर केवल एक पौधा रहने देना। रासायनिक खाद की प्रथम मात्रा नर पौधों को छोड़कर सभी मादा पौधों मे देना। पूरे बाग में निराई करना।
अगस्त	जल निकास की पूरी सावधानी बरतना, पूरे बाग में अगर घास हो तो निराई करना।
सितम्बर	रासायनिक खाद की आधी बची मात्रा प्रत्येक पेड़ से 30 सेमी0 की दूरी पर गोलाई में देना।

द्वितीय वर्ष

महीना एवं पखवाड़ा	कार्य
अक्टूबर	जमीन सूखने पर भरपूर सिंचाई करना, पीले फल तोड़ना।
नवम्बर	पीले फल पकने के पूर्व तोड़ना, आवष्यकतानुसार सिंचाई करना।
दिसम्बर	पीले फल तोड़ना, आवष्यकतानुसार सिंचाई करना।
जनवरी	पीले फल तोड़ना, आवष्यकतानुसार सिंचाई करना।
फरवरी	धूप से बचाने के लिए पेड़ में लगे फल को बोरे से ढ़कना, पीले फलों को तोड़ना तथा आवश्यकतानुसार सिंचाई करना।
मार्च	फल अधिक मात्रा में पकने लगा हो तो शीघ्र से शीघ्र फल तोड़ना, आवष्यकतानुसार सिंचाई एवं निराई करना।
अप्रैल	फल अधिक मात्रा में पकने लगा हो तो शीघ्र से शीघ्र फल तोड़ना एवं बाग में आखिरी सिंचाई करना।
मई	सम्पूर्ण रूप से फल तोड़ना क्योंकि सभी फल पक कर समाप्त हो जाएंगें।
जून	पूरे बाग की सम्पूर्ण सफाई करना तथा बीच में फावड़े द्वारा गुड़ाई करना, पुराने फल समाप्त हो गये होंगे तथा नया फूल षुरू हो गया होगा। यदि वर्षा न हो तो सिंचाई करना।
जुलाई	रासायनिक खाद पुनः देना।
अगस्त	बाग में घास उगने पर निराई करना, झुके पेड़ को सीधा करना।
सितम्बर	रासायनिक खाद की आधी बची मात्रा पुनः देना। फल पकने षुरू हो गयें हों तो उन्हें शीघ्र तोड़ना।

वशेष सावधानियां :–

1. पानी रूकने वाली एवं चिकनी मिट्टी में पपीता न लगाएं।
2. दीवार के साथ पपीता न लगाए कम से कम 5 फीट की दूरी रखें।
3. अधिक पाला पड़ने की स्थिति में खेत में सिंचाई कर दे एवं भीगी पराल सुलगाकर खेत के चारों ओर धुंआ करें।
4. गोबर खाद की मात्रा कम न करें।
5. उत्तरांचल के भावरी इलाकों में 15 जुलाई से 10 अगस्त तक बीज बुआई कर दे तथा सितम्बर माह में खेत में पौधे लगा दें।

व्यवसायिक कृषि

Peer Reviewed

एवोकैडोः उपयोग और लाभ

❑ अमजद अन्सारी

एवोकैडो, जिसे वैज्ञानिक रूप से पर्सिया अमेरिकाना के नाम से जाना जाता है, एक विशिष्ट और बहुमुखी फल है जो दुनिया भर में तेजी से लोकप्रियता हासिल कर रहा है। एवोकैडो, जिसकी उत्पत्ति दक्षिण मध्य मेक्सिको में हुई थी, अपने समृद्ध, मक्खनयुक्त स्वाद और उत्कृष्ट स्वास्थ्य लाभों के कारण विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में एक लोकप्रिय घटक बन गया है। एफएओ (2013) के अनुसार, मेक्सिको दुनिया के 25ः एवोकाडो का उत्पादन करता है, जो इसे दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बनाता है, इसके बाद चिली 8.5ः के साथ आता है। इस फल को केंद्र में एक बड़े बीज के साथ एक बड़े बेरी के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह लॉरेसी परिवार का सदस्य है। एवोकैडो के पेड़ में फल की पैदावार बहुत अधिक होती है, रोपण के 7 साल बाद इसका उत्पादन 138 किलोग्राम तक पहुंच जाता है। इसे चट्टानी क्षेत्रों में लगाया जा सकता है और यह उन वार्षिक पौधों से प्रतिस्पर्धा नहीं करता है जो समतल भूभाग के लिए अनुकूलित होते हैं क्योंकि यह एक बारहमासी पौधा है। एवोकैडो का पेड़ एक सदाबहार पौधा है जो 65 फीट तक लंबा हो सकता है और इसमें चौड़े, चमकदार पत्ते होते हैं। यह गर्म उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में पनपता है, जिससे मेक्सिको जैसे देश, जो दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक है, एवोकाडो की खेती के लिए उपयुक्त है। पिछले कुछ वर्षों में एवोकैडो की खेती कैलिफोर्निया, फ्लोरिडा और दक्षिण अफ्रीका जैसी जगहों पर फैल गई है।



एवोकैडो फल (रीड और लैम्ब हैस)

एवोकैडो के गुणः

एवोकैडो की अनूठी, मलाईदार बनावट इसकी विशिष्ट विशेषताओं में से एक है। फलों का गूदा लाभकारी वसा से भरपूर होता है, जो इसे विभिन्न अनुप्रयोगों में मक्खन या मेयोनेज़ का एक आदर्श विकल्प बनाता है। हास एवोकाडो अपने गहरे हरे, कंकड़ जैसी त्वचा और अखरोट जैसे स्वाद के साथ सबसे लोकप्रिय है। अन्य प्रकार, जैसे फ़्यूर्टे, बेकन और पिंकर्टन के अपने विशिष्ट गुण और स्वाद हैं। एवोकैडो एक पौष्टिक पावरहाउस होने के साथ–साथ एक स्वादिष्ट सामग्री भी है। यह फाइबर, पोटेशियम, स्वस्थ मोनोअनसैचुरेटेड वसा, विटामिन के, सी, ई और बी जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भरपूर है। ये पोषक तत्व विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं, जिनमें प्रतिरक्षा समारोह को बढ़ाना, अच्छी त्वचा को प्रोत्साहित करना, पाचन में वृद्धि और हृदय स्वास्थ्य में सुधार शामिल है।

एवोकैडो के उपयोगः

विभिन्न सांस्कृतिक व्यंजनों में उनकी उपस्थिति और रसोई में उनकी अनुकूलनशीलता के कारण एवोकैडो की लोकप्रियता बढ़ गई है। एवोकैडो टोस्ट एक ट्रेंडी और स्वास्थ्यप्रद नाश्ते का विकल्प है जिसके ऊपर अक्सर अतिरिक्त फल, सब्जियां या यहां तक कि पका हुआ अंडा डाला जाता है। गुआकामोल, मसले हुए एवोकैडो से बना एक पारंपरिक मैक्सिकन डिप, एक घरेलू पसंदीदा है जिसे अक्सर टॉर्टिला चिप्स के साथ या टैकोस और नाचोस के लिए टॉपिंग के रूप में परोसा जाता है। एवोकैडो को काटकर सलाद में मिलाया जा सकता है, मलाईदार बनावट के लिए स्मूदी में मैश किया जा सकता है, या पारंपरिक वसा के स्थान पर बेकिंग व्यंजन में उपयोग किया जा सकता है। एवोकैडो ने अपने पाक उपयोग के अलावा कॉस्मेटिक और त्वचा देखभाल उद्योगों में भी लोकप्रियता हासिल की है। एवोकैडो तेल फल से प्राप्त होता है और, इसकी मॉइस्चराइजिंग और पौष्टिक विशेषताओं के कारण, अक्सर मॉइस्चराइज़र, बाल उपचार और सीरम में उपयोग किया जाता है। तेल में उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाते हैं और एक युवा उपस्थिति को बढ़ावा देते हैं।

एवोकैडो की खपत बढ़ रही है, जिससे उत्पादन के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में चिंताएं बढ़ रही हैं। एवोकाडो के उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में वनों की कटाई और पानी की कमी हो गई है। एवोकैडो वर्तमान में दुनिया भर में एक लोकप्रिय फल है, जो अपने उत्कृष्ट स्वाद और उच्च पोषण सामग्री के लिए सराहा जाता है। एवोकाडो स्वाद और स्वास्थ्य लाभों का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है, चाहे इसे सलाद, सैंडविच, स्मूदी या त्वचा

एवोकैडो उत्पाद (तेल और साबुन)

व
ई–मेलः m

देखभाल उत्पादों में खाया जाए। हालाँकि, यह गारंटी देना महत्वपूर्ण है कि पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और इस लोकप्रिय फल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एवोकैडो का उत्पादन स्थायी तरीके से किया जाता है। इसके अलावा, एवोकैडो उगाने वाले क्षेत्रों में टिकाऊ कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने और जल प्रबंधन को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एवोकैडो के फायदेः

केले को छोड़कर, एवोकाडो किसी भी अन्य फल की तुलना में चार गुना अधिक पौष्टिक होता है, और इसमें प्रोटीन (1–3ः), बड़ी मात्रा में वसा में घुलनशील विटामिन, फोलिक एसिड, कैल्शियम, पोटेशियम, मैग्नीशियम, नमक, फास्फोरस, सल्फर होते हैं। , सिलिकॉन, और विटामिन ई, बी1, बी2, और डी। एवोकैडो एक ऐसा फल है जिसका न केवल स्वाद अच्छा होता है बल्कि इसके कई स्वास्थ्य, आर्थिक और पर्यावरणीय फायदे भी होते हैं। पोषक तत्वों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले गुणों के अनूठे मिश्रण के कारण यह प्राकृतिक दवाओं और सौंदर्य उद्योग दोनों में एक मांग वाला घटक है। इसके अतिरिक्त, दुनिया भर में एवोकैडो की बढ़ती मांग से संपन्न व्यवसाय उत्पन्न हुए हैं, और यह गारंटी देने के प्रयास किए जा रहे हैं कि उनका उत्पादन और खेती पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ है। चिकित्सीय दृष्टिकोण से, एवोकाडो कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। इनमें हृदय–अनुकूल मोनोअनसैचुरेटेड वसा के उत्कृष्ट स्रोत पाए जा सकते हैं। एवोकैडो के सेवन को एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और एचडीएल कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर से जोड़ा गया है, जिससे हृदय रोग का खतरा कम हो जाता है। इसके अलावा, एवोकाडो की उच्च पोटेशियम सामग्री रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। एवोकैडो में फाइबर भी उच्च मात्रा में होता है, जो पाचन में सहायता करता है और वजन प्रबंधन में लाभ देता है। फाइबर सामग्री तृप्ति में सुधार करती है, जो अधिक खाने को कम करके वजन प्रबंधन में मदद करती है। इसके अलावा, फल की उच्च फाइबर सामग्री मल त्याग के नियमन और कब्ज की रोकथाम में सहायता करती है। एवोकाडो में विटामिन सी और विटामिन ई जैसे उच्च स्तर के एंटीऑक्सीडेंट, उनके कई स्वास्थ्य लाभों में योगदान करते हैं। एंटीऑक्सिडेंट शरीर को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाते हैं और सूजन को कम करते हैं, जो विभिन्न प्रकार की पुरानी बीमारियों से संबंधित है। एवोकैडो के सेवन को आंखों के स्वास्थ्य में सुधार, प्रतिरक्षाविज्ञानी कार्य में सुधार और उम्र बढ़ने के संकेतों में कमी से जोड़ा गया है।

एवोकैडो का औषधीय महत्वः

एवोकैडो एक लोकप्रिय भोजन है जिसमें पोटेशियम और विटामिन डी की मात्रा अधिक होती है। दवा फल, पत्तियों और बीजों से बनाई जाती है। एवोकैडो फल का उपयोग कोलेस्ट्रॉल को कम करने, यौन इच्छा बढ़ाने और मासिक धर्म प्रवाह को प्रेरित करने के लिए किया जाता है। एवोकाडो में मौजूद कुछ तेल (जिन्हें ष्अनसैपोनिफ़िएबल फ्रैक्शंसष् के रूप में जाना जाता है) का उपयोग ऑस्टियोआर्थराइटिस के इलाज के लिए किया जाता है। बीज, पत्तियों और छाल का उपयोग करके पेचिश और दस्त का इलाज किया जाता है। त्वचा को आराम देने और उसकी मरम्मत करने के साथ–साथ गठिया, मसूड़ों में संक्रमण (पायरिया), और त्वचा का मोटा होना (स्केलेरोसिस) का इलाज करने के लिए एवोकैडो तेल तुरंत त्वचा पर लगाया जाता है। सोरायसिस एक त्वचा रोग है जिसका इलाज एवोकैडो तेल और विटामिन बी12 के संयोजन से किया जाता है। बालों के विकास को प्रोत्साहित करने और घाव भरने में तेजी लाने के लिए फल के गूदे को शीर्ष पर लगाया जाता है। दांत दर्द के इलाज के लिए बीज, पत्तियां और छाल का उपयोग किया जाता है। एवोकैडो को सबसे महत्वपूर्ण उष्णकटिबंधीय फलों में से एक माना जाता है क्योंकि इसमें वसा में घुलनशील विटामिन शामिल होते हैं जो अन्य फलों में असामान्य होते हैं, साथ ही प्रोटीन, पोटेशियम और असंतृप्त फैटी एसिड के महत्वपूर्ण स्तर भी होते हैं। लिपिडिक अंश में मौजूद यौगिकों के कारण, इस फल को इसके स्वास्थ्य लाभों के लिए पहचाना गया है, जिसमें ओमेगा फैटी एसिड, फाइटोस्टेरॉल, टोकोफेरोल और स्क्वैलीन शामिल हैं। शोध के अनुसार, एवोकैडो को विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभों से जोड़ा गया है, जिसमें कम कोलेस्ट्रॉल और हृदय रोग का कम जोखिम शामिल है। एवोकाडो का गूदा एक प्रसंस्कृत फल है जिसका उपयोग विभिन्न प्रकार के मूल्यवर्धित पाक उत्पाद बनाने के लिए किया जा सकता है। पौधों की पत्तियों में पाए जाने वाले रसायनों के मूत्रवर्धक गुणों के कारण, एवोकैडो पत्ती के तरल अर्क का उपयोग आमतौर पर औषधीय वस्तुओं में किया जाता है।

एवोकैडो के अन्य अनुप्रयोगः

एवोकैडो ने अपने पोषण और हाइड्रेटिंग गुणों के कारण सौंदर्य और त्वचा देखभाल उद्योगों में लोकप्रियता हासिल की है। एवोकैडो के गूदे में अलग–अलग मात्रा में तेल होता है और इसका उपयोग अक्सर दवा और सौंदर्य प्रसाधन उद्योगों के साथ–साथ जैतून के तेल के समान वाणिज्यिक तेलों के निर्माण में भी किया जाता है। एवोकैडो तेल, जो फल से निकाला जाता है, स्वस्थ फैटी एसिड और एंटीऑक्सिडेंट में उच्च होता है। यह तेल विभिन्न प्रकार के त्वचा देखभाल उत्पादों में पाया जाता है और इसका उद्देश्य त्वचा को मॉइस्चराइज़ करना, मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से बचाना और एक युवा उपस्थिति बनाए रखना है। एवोकैडो तेल बालों की देखभाल के लिए भी उपयोगी है क्योंकि यह बालों के रूखेपन और घुंघरालेपन को कम करके बालों के स्वास्थ्य और उपस्थिति में सुधार कर सकता है।

पर्यावरण संबंधी चिंताएँ और एवोकैडो उत्पादनः

एवोकैडो की मांग ने दुनिया भर में लाभदायक व्यवसाय के अवसर प्रदान किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े एवोकाडो उत्पादक मेक्सिको जैसे देशों में एवोकाडो के निर्यात से जबरदस्त आर्थिक वृद्धि हुई है। किसान, मजदूर और आपूर्ति श्रृंखला में शामिल लोग सभी एवोकैडो व्यवसाय में काम पा सकते हैं। इसके अलावा, एवोकैडो की लोकप्रियता के परिणामस्वरूप नए सामान और पाक संबंधी नवाचारों का विकास हुआ है, जिसने एवोकैडो उद्योग को और भी अधिक बढ़ावा दिया है। हालाँकि, एवोकैडो व्यवसाय पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करता है। एवोकाडो के उत्पादन के लिए बड़ी मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी और पर्यावरण बिगड़ गया है। इसके अतिरिक्त, प्रमुख एवोकैडो उत्पादक क्षेत्रों में एवोकैडो पौधों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वनों की कटाई देखी गई है। एवोकैडो कृषि की दीर्घकालिक लाभप्रदता और पर्यावरणीय प्रभाव को बनाए रखने के लिए, इन पर्यावरणीय समस्याओं के लिए टिकाऊ कृषि पद्धतियों और सावधानीपूर्वक जल प्रबंधन की आवश्यकता होती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए, एवोकैडो व्यवसाय में स्थायी प्रथाओं को स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसान पानी की खपत को कम करने के लिए पानी बचाने वाली सिंचाई प्रौद्योगिकियों और

रणनीतियों को लागू कर रहे हैं।

इसके अलावा, जैव विविधता को बढ़ावा देने और एवोकैडो की खेती के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए छायादार पेड़ों के साथ एवोकैडो एकीकरण जैसी कृषि वानिकी तकनीकों का पता लगाया जा रहा है। उद्योग के भीतर पर्यावरणीय प्रबंधन और निष्पक्ष श्रम प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए टिकाऊ एवोकैडो उत्पादन के लिए रेनफॉरेस्ट एलायंस और फेयर ट्रेड प्रमाणन कार्यक्रम स्थापित किए गए हैं। ये प्रमाणपत्र पुष्टि करते हैं कि उपभोक्ताओं द्वारा खाया गया एवोकाडो पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देने वाले तरीकों से उगाया गया था।

एवोकैडो फार्म

निष्कर्ष:

